

गत दिवस राष्ट्रध्वज तिरंगे के साथ छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की गूंज से अमेरिका में माहौल छत्तीसगढ़मय हो गया। भारत माता की जय और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की गूंज से अमेरिका गुंजायमान हो गया


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 190- ● जबलपुर ● मंगलवार, 10 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


मध्यप्रदेश विधानसभा

OBC

देश की लोकसभा

## ओबीसी आरक्षण पर विपक्ष का प्रदर्शन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग के आरक्षण को लेकर विपक्षी विधायकों ने विधानसभा में गांधी प्रतिमा के पास एप्रेन पहनकर प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि कहा कि जवाब पूर्व सीएम कमल नाथ को देना चाहिए। ओबीसी आरक्षण पर लगी याचिका के समय उन्होंने क्या किया। सीएम ने कहा, कमल नाथ ओबीसी आरक्षण केस को लेकर एडवोकेट जनरल को कोर्ट में खड़ा करते, देश के बड़े वकीलों को इसके लिए बुलाते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और केस में स्टे हो गया। स्टे के बाद इनके एडवोकेट जनरल ने इसको एमपी पीएससी में भी लागू करने का कह दिया था। यह उनकी सरकार का काम है। सीएम शिवराज ने कहा कि कमल नाथ जवाब दें कि 8 मार्च 2019 को 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का तत्कालीन सरकार ने कहा। इस पर 10 मार्च 2019 को याचिका लगी, 19 मार्च को स्टे आ गया। 10 से 19 मार्च तक तत्कालीन सरकार ने अपना एडवोकेट जनरल तक कोर्ट में खड़ा तक नहीं किया। विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन आज सरकार प्रथम अनुपूरक बजट पेश करने जा रही है। बजट में कोरोना संकट से निपटने के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा सहित अन्य विभागों को अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी, जहरीली शराब के कारोबार पर नकेल और अवैध कालोनियों और निर्माण को वैध करने के लिए नगर पालिका विधि संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किए जाएंगे।

## संसद में आज पारित हो सकता ओबीसी बिल



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ओबीसी बिल को राज्यसभा में पारित कराने के लिए सक्रिय हो गई है। हालांकि ओबीसी बिल को विपक्ष के कई दलों ने समर्थन किया है, वहीं भाजपा ने भी सोमवार को राज्यसभा में अपने सभी सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है। भाजपा ने 3 लाइन का व्हिप जारी कर सांसदों से कहा है कि सभी सांसद 10 और 11 अगस्त को सदन में उपस्थित रहें। इसके अलावा लोकसभा में भी आज ओबीसी बिल पर चर्चा होगी। इससे पहले आज भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक ही हुई, जिसमें भी भाजपा ने अपनी आगामी रणनीति पर चर्चा की है। इससे पहले केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में ओबीसी विधेयक को पेश कर दिया था। इस विधेयक के जरिए राज्यों को OBC लिस्ट तैयार करने का अधिकार प्राप्त हो जाएगा। भाजपा द्वारा राज्यसभा में अपने सांसदों को व्हिप जारी करने के पीछे का कारण है कि लोकसभा में बिल पास होने के बाद अब राज्यसभा में भी पेश होने के बाद जल्द से जल्द पास किया जा सके। इधर ओबीसी बिल को लेकर कांग्रेस सहित 15 विपक्षी दलों ने भी चर्चा कर रणनीति तैयार की है। बैठक में विपक्षी दलों ने ओबीसी संविधान संशोधन विधेयक को समर्थन देने का फैसला किया है। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संसद में 127 वां संविधान संशोधन विधेयक 2021 सरकार लाने जा रही है। हम सभी विपक्षी पार्टियों के नेता और संसद सदस्य इस बिल का समर्थन करेंगे।

### फटाफट खबरें



## सरकार के दबाव के बाद झुकी इंफोसिस ने निकाली भर्तियां

**इंदौर।** रियायती दामों पर सुपर कारिडोर पर जमीन लेने वाली आइटी कंपनियों पर सरकार का दबाव अब काम कर रहा है। मध्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार न देने और तय समय में कैंपस का निर्माण न करने पर प्रशासन ने आइटी कंपनी टीसीएस और इंफोसिस को नोटिस थमाया था। इसके बाद अब इंफोसिस ने आनन-फानन में भर्तियां निकली हैं। युवाओं को रोजगार देने की दृष्टि से कैंपस प्लेसमेंट रखा गया है। 22 अगस्त तक बीई-बीटेक, एमई-एमटेक पास कर चुके विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। करीब आठ साल पहले सुपर कारिडोर पर आइडीए ने आइटी विभाग को जमीन दी थी। 130 एकड़ जमीन विभाग ने इंफोसिस को इंदौर कैंपस बनाने के लिए आवंटित की थी।

## ओलंपिक में भी देखने को मिलेगा क्रिकेट

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के समापन के बाद अब हर किसी की नजरें आगामी ओलंपिक पर लगी हैं। इस बीच क्रिकेट फैन्स के लिए बहुत बड़ी खबर सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पुष्टि की है की साल 2028 में लॉस एंजलिस में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने की कोशिश की है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है जिसके जिम्मे ओलंपिक 2028 और 2032 में और उसके आलावा आने वाले अन्य ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया जाए।

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- सावरकर ने हिंदू राष्ट्र की मांग कर कोई गुनाह नहीं किया

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को सावरकर को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिसके बाद से उनकी पार्टी में ही असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। दरअसल डोटासरा ने कहा कि इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि दिवंगत हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग नहीं लिया था। डोटासरा ने कहा कि सावरकर देश की खातिर जेल भी गए। उन्होंने कहा कि सावरकर जी ने हिंदू राष्ट्र की मांग कर कोई गुनाह नहीं किया।



## खीर भवानी मंदिर के बाद हजरतबल दरगाह पहुंचे राहुल गांधी

**श्रीनगर ।** दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर पहुंचे राहुल गांधी ने मंगलवार सुबह खीर भवानी माता के दर्शन किए। इसके बाद राहुल डल झील किनारे स्थित हजरतबल दरगाह पहुंचे हैं। वह 11.30 बजे एमए रोड श्रीनगर में नवनिर्मित कांग्रेस भवन का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी पहली बार सोमवार को श्रीनगर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। वह रात को श्रीनगर के एक स्थानीय होटल में प्रदेशाध्यक्ष जीए मीर के बेटे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में नेशनस कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी शामिल थीं। श्रीनगर हवाई अड्डे पर राहुल गांधी शाम छह बजे पहुंचे, जहां प्रदेशाध्यक्ष मीर, एआईसीसी की जम्मू कश्मीर की प्रभारी रजनी पाटिल, पीरजादा मोहम्मद सैयद, सैफुद्दीन सोज, तारिक हमीद कर्रा, रमण भल्ला, योगेश साहनी, मूलाराम आदि ने उनका किया।

NH 58 पर पहाड़ खिसका

## कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना



**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले 5 दिनों में कई राज्यों में भारी बारिश के चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून ट्रफ का पूर्वी छोर हिमालय की तलहटी के करीब में शिफ्ट हो सकता है। इसके चलते पूरे भारत में कई राज्यों में भारी बारिश होने की भविष्यवाणी की है। इसी बीच उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है और राज्य में अलग-अलग स्थानों से भारी बारिश के कारण भूस्खलन की भी खबरें आ रही है। उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-58 (ऋषिकेश-श्रीनगर हाईवे) पर तोता घाटी के पास पहाड़ी के हिस्सा खिसकने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यहां हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पहाड़ी के एक हिस्सा टूट कर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर देता है। मौसम विभाग ने 10-13 अगस्त के दौरान झारखंड में और 11-13 अगस्त के दौरान पश्चिम बंगाल में भी भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में भी अगले चार-पांच दिनों के दौरान कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों में पूर्वोत्तर और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी वर्षा गतिविधि होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी से तेज दक्षिण-पश्चिम या दक्षिणी हवाओं के प्रभाव से पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। 11-13 अगस्त के दौरान असम और मेघालय में बहुत भारी बारिश हो सकती है।

### एमपी के कई जिले प्रभावित

महाकोशल, विंध्य व बुंदेलखंड के अनेक जिलों में बीती रात से बारिश का क्रम जारी है। दमोह, शहडोल और सिंगरौली में झमाझम बारिश से नदी, नालों का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं मंगलवार सुबह से ही जबलपुर में बादल छाए हुए हैं। शहडोल में सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार की सुबह जब लोग सो कर उठे तो देखा कि आसमान से बारिश की बूंदे धीमी नहीं बल्कि तेज गिर रही हैं। हालांकि सोमवार की शाम से ही रिमझिम फुहारे पड रही थी। आज सुबह 9 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ यह बारिश जारी है।



## कोरोना के बीच जीका संक्रमण से हड़कंप

**पुणे**

कोरोना महामारीअभी खत्म भी नहीं हुई है कि जीका वायरस का खतरा मंडराने लगा है। महाराष्ट्र में अब जीका वायरस का खतरा बढ़ गया है। जीका वायरस का पहला मामला पुणे में मिला है। जिला प्रशासन ने 79 गांवों में जीका वायरस के फैलने की आशंका जताई है। स्वास्थ्य विभाग इन सभी गांवों को आपातकालीन सेवाओं के लिए तैयार कर रहा है। जिला कलेक्टर डॉ राजेश देशमुख ने पांच अगस्त को जारी अपने आदेश में कहा कि स्वास्थ्य विभाग को वायरस के जोखिम के बारे में जानकारी दे दी गई है और इन गांवों को निगरानी में रखा गया है। फिलहाल इन गांवों में आपातकालीन उपाय शुरू कर दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ राजेश देशमुख ने 79 गांवों की लिस्ट भी जारी की है, जिनमें जीका, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां मौजूद हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिन गांवों में पिछले तीन सालों में लगातार डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बिमारियां मौजूद हैं, उन्हें जीका वायरस के लिए अतिसंवेदनशील माना जाए और संक्रमण के लिए उनके रक्त के नमूनों की जांच कराई जाए।

## माननीयों के खिलाफ मामला हाईकोर्ट की मंजूरी के बगैर वापस नहीं होगा

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों के अपराधीकरण से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इसके तहत अब सभी राजनीतिक पार्टियों को उम्मीदवारों के एलान के 48 घंटे के भीतर मुकदमों की जानकारी जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ कोई आपराधिक मामला संबंधित हाईकोर्ट की मंजूरी के बगैर वापस नहीं लिया जा सकता है। शीर्ष अदालत के इस फैसले का उद्देश्य राजनीति में अपराधीकरण को कम करना है। जस्टिस आरएफ नरीमन और बीआर गवई की पीठ ने इस संबंध में अपने 13 फरवरी, 2020 के फैसले में निर्देश को संशोधित किया है। बता दें कि पीठ बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास को प्रकाशित करने में विफलता का आरोप लगाते हुए दायर अवमानना याचिकाओं में अपना फैसला सुना रही थी। गौरतलब है कि फरवरी 2020 के फैसले के पैरा 4.4 में, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक पार्टियों को आदेश दिया था कि उम्मीदवारों के चयन के 48 घंटों के भीतर या नामांकन दाखिल करने की पहली तारीख से कम से कम दो सप्ताह पहले उनका विवरण प्रकाशित करना होगा। लेकिन आज के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक पार्टियों को उम्मीदवारों के एलान के 48 घंटे के भीतर मुकदमों की जानकारी देनी होगी।



देश हर साल 10 अगस्त को विश्व शेर दिवस मनाया जाता है। इस दिन शेरों को लेकर लोगों के मन में जागरूकता बढ़ाने और शेरों की घटती आबादी और संरक्षण पर जोर दिया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट करते हुए शेरों के संरक्षण के प्रति उत्साही लोगों को बधाई दी है।

## वकील अश्विनी उपाध्याय समेत पांच लोग हिरासत में

**नई दिल्ली।** आठ अगस्त को जंतर-मंतर पर 'भारत जोड़ो आंदोलन' के प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से धर्म विशेष के खिलाफ नारेबाजी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। नौ अगस्त की देर रात को ही दिल्ली पुलिस ने उन्हें कनॉट प्लेस थाने में बुलाया था, जिसके बाद से उनसे पूछताछ चल रही है। अगर इस मामले में उनकी भूमिका संदिग्ध पाई जाती है और पुलिस उन्हें इस मामले में आरोपी बनाती है तो उन्हें आज पटियाला कोर्ट में पेश किया जा सकता है।

## उज्ज्वला योजना 2.0 लांच

**नई दिल्ली।** गरीब परिवारों को रसोई गैस सुलभ करवाने वाली केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना का विस्तार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उज्ज्वला योजना 2.0 का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के महोबा में हो रहा है, जिसमें पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के महोबा में योजना के लाभार्थियों को एलपीजी सिलेंडर कनेक्शन सौंपकर उज्जवला 2.0 योजना का शुभारंभ किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी लाभार्थियों से भी बातचीत कर रहे हैं और थोड़ी देर में राष्ट्र को संबोधित भी करेंगे। इस समारोह में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।वित्तीय वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में योजना के तहत अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन के प्रावधान की घोषणा की गई थी।

## नाबालिग बहनों से गैंगरेप फिर कीटनाशक पिला कर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत के एक गांव में दो नाबालिग बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उन्हें कीटनाशक पिला दिया गया। जिससे उनकी दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपियों ने लड़की की मां को उसके बेटों को मारने की धमकी देकर चुप करा दिया और सर्पदंश से मौत होने की जानकारी पुलिस को देने को कहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म व कीटनाशक के प्रभाव में मौत का पता लगने पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।मूलरूप से बिहार का रहने वाला एक परिवार कुंडली थाना क्षेत्र के एक गांव में किराये पर रहता था। परिवार में दंपती व उनके दो बेटे व दो बेटियां थीं। उसी परिसर में अलग कमरे में बिहार के चार अन्य युवक भी रहते थे। युवकों ने 5 अगस्त की रात को 16 व 14 साल की दो बहनों को अपने कमरे में ले जाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उनकी हालत बिगड़ी तो उन्हें कीटनाशक पिला दिया। बाद में लड़कियों को उनके कमरे में छोड़ दिया। साथ ही उनकी मां को धमकी दी कि किसी को बताया तो उसके बेटों को मार देंगे। जब बेटियों की हालत बिगड़ने लगी तो महिला उन्हें लेकर दिल्ली के अस्पताल पहुंची। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## लगातार चौथे दिन 40 हजार से कम मामले

**नई दिल्ली।** देश में अगस्त महीने में लगातार चौथे दिन कोरोना के 40 हजार से कम नए मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे में 28 हजार नए मामले सामने आए हैं, जबकि 373 लोगों की मौत हुई है। वहीं, 41 हजार से ज्यादा लोग स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। वहीं, नए मामलों की तुलना में कोरोना मरीजों के ठीक होने की दर यानी रिकवरी रेट में भी इजाफा हुआ है। देश में अब कोरोना रिकवरी दर बढ़कर 97.49त्न हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कोविड-19 के 28,204 नए मामले सामने आए हैं. जबकि इस दौरान 41,511 कोविड मरीज ठीक हुए हैं। यानी एक दिन में कोरोना के करीब 7000 मामले कम हुए हैं। यह अच्छी खबर है। भारत में 28,204 नए मामले सामने आये 41,511 लोग स्वस्थ्य हुए 373 लोगों की कोरोना से मौत हुई जबकि 54,91,647 लोगों को लगी कोरोना वैक्सीन

## गोल्डन नीरज का टारगेट अब 90 मीटर

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह भारत के पहले एथलीट हैं जिन्होंने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ओलंपिक में हमारी मेहनत रंग लाई। नीरज चोपड़ा ने कहा कि देश आकर गोल्ड मेडल जीतने का बड़ा एहसास हुआ। देश का अगर प्रधानमंत्री आपको सपोर्ट कर रहा है तो यह बड़ी बात है। पीएम नरेंद्र मोदी ने मुझसे भी बात की। उन्होंने हमें जब फोन किया तो अच्छा लगा। देश का पीएम खिलाड़ियों से बात करे ये बहुत बड़ी बात है। नीरज ने कहा कि उनका अगला टारगेट विश्व चैंपियनशिप है। वहीं भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खड़े होकर पार्टी सांसदों से ताली बजवाई। उन्होंने पार्टी सांसदों से कहा कि हर स्तर खेल को बढ़ावा दिया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिकेट की तरह दूसरे खेलों में जुनून हो। नीरज ने आगे कहा कि उनका इरादा 90 मीटर भाला फेंकने का है और वह 90 मीटर भाला फेंकेंगे।



उन्होंने कहा कि पहले भारत के एथलीट ओलंपिक में इस स्पर्धा में भाग लेने जाते थे और उनका यही मानना होता था कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन मैं भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीत कर काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं।

### नीरज नाम के व्यक्ति को 501 रुपए का फ्री पेट्रोल-डीजल

गुजरात के भरूच में एक छोटे से कस्बे में स्थित पेट्रोल पंप के मालिक बड़े ही खास अंदाज में मना रहे हैं। इस खुशी का इज़हार करते हुए जश्न के रूप में पेट्रोल पंप मालिक ने नीरज नाम के हर शख्स को फ्री में फ्यूल देने का ऐलान किया है। इस खास अंदाज से जश्न मनाने वाले पेट्रोल पंप के मालिक सुर्खियों में बने हुए हैं। रविवार को गुजरात के भरूच में नेतरंग कस्बे में इंडियन ऑयल के एक पेट्रोल पंप मालिक ने अपने पंप पर एक बोर्ड लगाया। इस बोर्ड पर उन्होंने लिखा कि नीरज नाम के हर व्यक्ति को सोमवार शाम 5 बजे तक 501 रूपये का मुफ्त में ईंधन मिलेगा।


ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
फक्कार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

# कल है हरियाली तीज

## अखंड सौभाग्य के लिए पूजा मुहूर्त और शुभ योग

**जबलपुर। हरियाली तीज सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। यह व्रत मुख्यत :नाग पंचमी से दो दिन पूर्व आता है। सुहागन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए और कुंवारी युवतियां अपने मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती हैं।**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस तिथि को ही भगवान शिव और माता पार्वती का दोबारा मिलन हुआ था, इसलिए हरियाली तीज का महत्व अत्यधिक है। इस दिन व्रती व्रत रखती हैं और माता पार्वती की



आराधना भगवान शिव और गणेश जी के साथ करती हैं। इस दिन महिलाएं विशेष तौर पर हरी साड़ी, हरे रंग की चूड़ी और सोलह श्रृंगार करती हैं। इस दिन कई स्थानों पर युवतियां झूले भी झूलती हैं।

### *हरियाली तीज 2021 मुहूर्त*

*हिन्दू कैलेंडर के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का मंगलवार को शाम 07 बजकर 35 मिनट पर हो रहा है। इस तिथि का समापन 11 अगस्त दिन बुधवार को है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, व्रत के लिए उदया तिथि 11 अगस्त को प्राप्त हो रही है, ऐसे में इस वर्ष हरियाली तीज का व्रत 11 अगस्त को रखा जाएगा और उसी दिन माता पार्वती, भगवान शिव और गणेश जी की विधि विधान से पूजा की जाएगी।*

### हरियाली तीज का महत्व

हरियाली तीज पर व्रत रखने का विधान है. इस व्रत को निर्जला व्रत भी कहते हैं. हरियाली तीज का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है. इस व्रत का विशेष पुण्य प्राप्त होता है. ये व्रत दांपत्य जीवन को खुशहाल बनाता है. इस व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है. सावन के महीने का ये विशेष पर्व है, जो सुहागिन स्त्रियों को समर्पित है.

### पूजा विधि

हरियाली तीज का पर्व 11 अगस्त, बुधवार को रखा जाएगा. इस दिन प्रात- काल उठकर स्नान करें. स्वच्छ वस्त्र धारण करें. इस दिन मायके से आए हुए वस्त्र धारण करने की परंपरा है. इसकेबाद व्रत का संकल्प लें. हरियाली तीज पर सोलह श्रृंगार का भी विशेष महत्व है. इस दिन घर की साफ- सफाई कर अच्छे से सजाना चाहिए. पूजा शुरू करने से पहले एक चौकी पर मिट्टी में गंगा जल मिलाकर शिवलिंग, भगवान गणेश, माता पार्वती की प्रतिमा बनाएं. इसके बाद एक थाली में सुहाग की सामग्री जिसमें बिंदी, सिंदूर, चूड़ी, मेहंदी, नेल पॉलिश, अक्षत, धूप, दीप, गंधक आदि सजाकर अर्पित करें. भगवान शिव को उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाना चाहिए. भगवान शिव और माता पार्वती की आरती करें।



# जरूरतमंदों का खुद का हो आशियाना

## निगमायुक्त संदीप जी आर ने तेज की पहल

**जबलपुर।** हर निर्धन परिवार को पक्के आवास की सौगात देने के लिए देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नगर निगम के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं एवं निर्धन परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवासीय निर्धन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण कराया गया है। निगमायुक्त संदीप जी आर ने पंजीकृत हितग्राहियों से चर्चा कर योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि मोहनिया में हितग्राहियों और अन्य जरूरतमंदों के लिए सर्वसुविधायुक्त आवास बनकर तैयार हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित सभी आवासीय परियोजनाओं का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए बचे हुए कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बैंकों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर अधिकारियों के लोन स्वीकृत कराने की दिशा में ठोस कार्य करें। इस अवसर पर निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शवराज सिंह चौहान ने शहरी निर्धन परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना प्रारंभ की है जिसके माध्यम से चयनित एवं पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। आज परियोजना स्थलों का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने कहा है, कि सभी पात्र एवं चयनित हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान करते हुए उनके लंबित बैंक प्रकरणों की कार्यवाही भी जल्द से जल्द पूर्ण कर उन्हें आवासों का उपहार दिया जाए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक यंत्री एवं नोडल अधिकारी श्री सुनील दुबे आदि उपस्थित थे। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निरीक्षण के उपरांत सीवर लाइन बिछाए जाने के कार्यो के अलावा गोकलपुर, रॉझी, बड़ापत्थर से मोहनिया, चम्पा नगर, एवं सर्रापीपर रोड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि गोकलपुर में चेम्बर निर्माण के लिए खुदाई की गई थी जहॉं ठीक ढंग से ठेकेदार द्वारा फिलिंग नहीं किया गया था जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा हो रही थी, निगमायुक्त ने तत्काल ही कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव को फिलिंग कराने और आवागमन व्यवस्था को सुचारू करने के निर्देश दिये। निगमायुक्त के निर्देश के उपरांत कुछ घंटों के अंदर ही उक्त स्थल पर फिलिंग का कार्य कराया जाकर आवागमन व्यवस्था को सुचारू कराया गया जिससे आवागमन करने में लोगों को राहत मिली। तत्परता के साथ कार्य कराने वाले अधिकारी कमलेश श्रीवास्तव की निगमायुक्त ने सराहना की और इसी प्रकार आगे भी तत्परता के साथ कार्यो में गति लाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री आर.के. गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, संभागीय अधिकारी उमेश टोपरे आदि उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण विश्व का कल्याण करते हैं भगवान विश्वनाथ



जबलपुर। संपूर्ण हिंदू श्रंखला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भगवान शिव का तृतीय सावन सोमवार के पर्व में महारुद्राभिषेक किया गया जिसमें लगभग 51 पार्थिव शिवलिंगों का पूर्ण रूप से अभिषेक किया गया। संपूर्ण ब्राह्मण मंच के संस्थापक पं अमित खम्परिया, कमला नेहरू नगर अध्यक्ष धनंजय वाजपेई, श्री सर्व परशुराम ब्राह्मण संघ डॉ अरुण मिश्रा, के अनंत सहयोग से संपन्न हुआ। प्रत्येक सोमवार यह कार्य किया जाता है लगातार यह हमारी संस्थाएं करती आ रही हैं, और आगे भी करेगी। चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शशांक ने बताया कि च्चसंपूर्ण विश्व का कल्याण करने वाले भगवान विश्वनाथ को हमारा प्रणाम हैं च्च इसीलिए हम भगवान शिव से सभी के सुख समृद्धि की कामना भी कर रहे हैं और हम लगातार यह चतुर्थ एवं पंचम सोमवार को भी यह कार्य करेंगे। अवसर पर चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शशांक, काशी प्रसाद तिवारी,विजय गुप्ता,सौरभ पंडा, शशिशेखर जी, विकास गुप्ता, यदुवंश मिश्रा, सुधाकर मिश्र, प्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

## श्री गैबिनाथ मंदिर में श्रावण मास रुद्राभिषेक व भस्म श्रृंगार



जबलपुर। सावन मास पर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। इसी क्रम में तीसरे सोमवार को बृम्ह मुहूर्त पर मेडीकल के समीप स्थित मंदिर में भगवान गैबिनाथ जी का रुद्राभिषेक व भस्म श्रृंगारव अनेकों भक्तों के व्दारा रुद्राभिषेक, समिति सदस्यों की ओर से अखंड मानस पाठ का आयोजन, रात्रिकालीन महा आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं व भक्तों का आकर्षण का केन्द्र भगवान के मंदिर के प्रवेश व्दार से लेकर गर्भ गृह तक आकर्षक गुफा भक्तों का मन मोह रही है।समिति सदस्यों में अभय शंकर प्यासी, अजय अवस्थी, डा-बी-पी-अवस्थी, संजय अवस्थी, नरेन्द्र मिश्रा, पप्पू खटीक,दिनेश दुबे, करन सिंग, सुरेश अवस्थी, ह्रदय पाठक मोहन तिवारी व अनेकों भक्त जन उपस्थित रहे।

## राम रस में सराबोर हुये श्रोता



**जबलपुर।** राष्ट्रीय कवि संगम जबलपुर ईकाई के तत्वावधान में श्रीराम राष्ट्रीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में श्री राम राष्ट्रीय काव्य पाठ का आयोजन श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के सभागार में सोमवार 09 अगस्त को किया गया । आयोजन में राम प्रेमी कवियों ने राम रस की ऐसी वर्षा कि, समस्त श्रोतागण सराबोर हो गये आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी अध्यक्ष, डॉ.सुश्री अम्बर प्रियदर्शी,निर्णायक अभिमन्यु जैन, यू.एस.दुबे, डॉ. कौषल दुबे, डॉ.आनंद सिंह राणा,निरंजन द्विवेदी ,मनीष तिवारी (वर्चुअल रुप से) ने प्रतिमा के समस्त द्वीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती का पूजन वंदन किया। माँ सरस्वती वंदना के पश्चात आयोजन का शुभारंभ हुआ। जिसमें करीबन 25 प्रतिभागियों ने काव्य पाठ किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम सुभाषमणि बैरागी, द्वितीय सतेन्द्र गोटिंया, तृतीय प्रषांत मिश्रा का घोषित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक व संचालक अजय मिश्रा' अजेय ' रहे। आभार डॉ.अम्बर प्रियदर्षी ने किया।

## वर्कशॉप में मनाया गया आदिवासी दिवस



**जबलपुर यशभारत।**506 आर्मी बेस वर्कशॉप में प्रतिरक्षा मजदूर संघ के तत्वावधानमें विश्वआदिवासी दिवस मनाया गया ।जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संगठन के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे । उनके उद्बोधन पश्चात् संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बिहारी लाल विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने पहली बार इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया। कार्यक्रम में संघ के महामंत्री अतुल कुमार साहू, अजय सिंह राजपूत, दिनेश राय, गुलाब सिंह, अनिल बावरिया, प्रकाश सोलंकी, बालेन्द्र सिंह, योगेन्द्र प्रधान, राज नारायण, इंद्रभान सिंह, कमल झेवियर, अशोक कोल, हीरा सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त को भी मिले मकान किराया भत्ता

### सरकार काटी गई सुविधाओं को बहाल और बढ़ाये

**जबलपुर** यशभारत।सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को सरकार मकान किराया भत्ता दे और घोषित महंगाई राहत राशि का एरियर्स जल्दी प्रदान करे ।साथ ही पूर्व में दी जा रही सुविधाओं में जो कटौती की है उसे बहाल और उसमें वृद्धि करे।उक्त विचार भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की122 वीं बैठक में सदस्यों ने रखे।

एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि सरकार घोषित महंगाई राहत का एरियर्स तत्काल भुगतान करे।साथ ही मांग की गई कि उन्हें कर्मचारियों की भांति मकान किराया भत्ता के साथ चार वर्ष मे एल टी सी भी दे।सदस्यों ने आक्रोश जताया कि सरकार वरिष्ठ जनो को प्राप्त रेल यात्रा रियासत भी बंद कर अनेक सुविधाओं से कटौति करती जा रही है।जिससे उनका जीवन निर्वाह मुश्किल होता जा रहा है।मांग की गई कि इटारसी और कटनी मे भी सीजीएचएस डिस्पेंसरी चालू की जाए ताकि वहां के वरिष्ठ नागरिकों को इलाज के लिए भोपाल और जबलपुर चक्कर न लगाना पड़े। बैठक मे हरिसिंह केदार दुबे डी के सिंह जीवन विश्वकर्मा एच एल जांगड़े आर आर दुबे आर बी शाह रमाकांत कटियार आदि सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे।

# 1994 में सर्वप्रथम विश्व आदिवासी दिवस मनाया था




## बरगी में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी के प्रसिद्ध आदिवासी धार्मिक स्थल पुराना पानी बड़ादेव मरहापठा में विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ समाज की विशेष हस्तियों के फोटो पर माला पहनाकर किया गया उसके बाद राजा रघुनाथशाह समिति के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मांगीलाल मरावी , महंत दयानंद गिरी, विकास खन्ना, संतोष चौकसे, दुगार्शंकर पांडेय, शीतल गिरी ,अजय कुसरे, राजू सेन आदि का स्वागत साफा बांधकर तिलक वंदन के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बताया गया कि 1994 में सर्वप्रथम विश्व आदिवासी दिवश मनाया गया था जिसमे आदिवासी समाज को जल ,जमीन व पर्यावरण का संरक्षक माना गया है , पूर्व में समाज बहुत पिछड़ा व अशिक्षित था किन्तु समय के साथ समाज मे जागरूकता आयी ,व समाज संगठित हुआ धीरे इनका रहवास स्थिर हुआ व समाज शिक्छा की ओर भी अग्रसर हुआ और

हर जगह आदिवासी समाज के लोग स्थापित हुए है । आज के इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज के हजारों लोग एकत्रित हुए ,कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश सिंह ठाकुर, पंकज परस्ते ,डालचंद,, अमरसिंह, शिव चरन मरकाम, मान सिंह मार्को, जवाहर कुशरे, जवाहर पुट आदि का सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नरेंद्र उइके द्वारा किया गया ।

### विधायक संजय यादव का समाज को संदेश

प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले ओर आदिवासी समाज केप्रति समर्पित रहने वाले बरगी विधायक संजय यादव ने भोपाल से अपने संदेश में बताया कि आज भी कांग्रेस परिवारआदिवासी समाज के साथ है उन्होंने बताया कि कमलनाथ की सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस के लिए मध्यप्रदेश में 1 दिन के अवकाश की घोषणा की थी जिसे वर्तमान भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया है आज भोपाल में वो स्वयं व साथी विधायक आदिवासी समाज के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ रहे है । उन्होंने सकल आदिवासी सामाज को विश्व आदिवासी दिवस की बहुत बधाई प्रेषित की है ।त्रिलोक संस्था एवं नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर परज्ज प्रकृति पुत्र आदिवासीज्ज का आयोजन श्री जानकी रमण महाविद्यालय में किया गया किया गया 7 कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया7 कार्यक्रम में आदिवासी गीत जैसे कर्मा लहकी, कर्मा खाप,कर्मा झूमर,सैला, मूसल,आदि की प्रस्तुति मुस्कान सोनी, मनीषा तिवारी, पूजा कनौजिया, अनामिका कश्यप, अंजली सोनी, सूर्यांश नेमा राहुल सिंह, शैलेंद्र सिंह राजपूत ने दी, परिकल्पना दविंदर सिंह ग्रोवर, मार्गदर्शन विनय शर्मा, सहयोग डॉक्टर अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, संजय गर्ग,शिप्रा सुल्लेरे,रविंद्र मुर्हार,पराग तेलंग, त्रिलोक एवं नाट्यलोक परिवार सबको आदिवासी दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित की और आदिवासी समाज की सांस्कृतिक परंपरा बची रहे, हमारा लोक बचा रहे यही इस आयोजन का मूल उद्देश्य भी है ।

# खेल अकादमियों के लिए टैलेंट सर्च

जगलपुर। मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण के द्वारा संचालित खेल अकादमियों के लिए टैलेंट सर्च का आयोजन किया जाना है इस टैलेंट सर्च में जिला स्तर से खेल में रुचि रखने वाले 7वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बालक/बालिका खिलाड़ी जिसकी आयु 12 वर्ष से अधिक हो पंजीयन कर सकते हैं । आयु की गणना 1 जुलाई 2021 की स्थिति में की जाएगी। खिलाड़ी को ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। जिसमें आयु सत्यापन का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य जानकारी 9 अगस्त से 18 अगस्त 2021 की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक https://dsywmp.gov.in/TalantSearch2021 पर दर्ज की जावेगी खिलाड़ियों के पंजीकृत होने के बाद उनका फिजिकल फिटनेस टेस्ट के माध्यम से स्कूटनी की जाएगी तथा मेरिट लिस्ट के आधार पर चिन्हित कर खिलाडियों को संभाग एवं राज्य स्तरीय स्किल टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। खेल संघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को फिजिकल फिट होने की स्थिति में अकादमी में सीट रिक्त होने की स्थिति में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस हेतु उन्हें आयु सीमा में छूट दी जाएगी। जिले से खेलों में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को खेल में अच्छा भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है अभिभावक जिले में आयोजित टैलेंट सर्च में अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित कराएं ताकि राज्य शासन द्वारा संचालित खेल अकादमियों में प्रवेश प्राप्त करे और खेल अकादमी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण,भोजन ,शिक्षा, आवास व्यवस्था निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

# बी.एड/एम.एड का विज्ञापन निकालना भूला आर.एस.के

## राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेश के इंतेजार में बी.एड/एम.एड प्रशिक्षाणी

**जबलपुर** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यापक प्रकोष में बताया की राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आज दिनांक तक अप्रशिक्षित शिक्षकों. अध्यापकों, वरिष्ठ अध्यापकों को शासन द्वारा बी.एड/एम.एड का व्यवसायिक प्रशिक्षण शासकीय शिक्षकों को दिया जाता है ताकि वह अपनी योग्यता बढ़ा सकें। आरएस.के द्वारा प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में आदेश जारी कर शिक्षकों के प्रवेश संबंधी आदेश जारी किये जाते हैं, जिससे शिक्षक प्रशिक्षण का लाभ ले सके, इस वर्ष राज्य शिक्षा केन्द्र से प्रशिक्षण के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं होने से शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय व अन्य कार्यालयों के चक्कर काटने मजबूर हैं, जहां किसी प्रकार का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पा रहा है ।संघ के मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, प्रणव साहू, सुदेश पाण्डे, मनीष लोहिया, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख, प्रियांशु शुक्ला, संतोष तिवारी, अभिषेक मिश्रा, देवदत्त शुक्ला, सोनन दुबे, आत्रद रैकवार, विनय नामदेव, पवन ताम्रकार आदि ने आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र मप्र भोपाल से मांग की है कि तत्काल बी.एड/एमएड प्रवेश संबंधी दिशा निर्देश जारी किये जायें।

# श्रम बेकार नहीं जाता यदि वह विधिवत हो:आचार्यश्री

**जबलपुर।** दयोदय तीर्थ गौशालापूर्णायु परिसर में आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज ने कहा किसी पदार्थ के निर्माण के लिए कई पदार्थों का मिश्रण होता है लेकिन संसार से मुक्ति पाने के लिए इस मिश्रण का उपयुक्त होना आवश्यक है। योगदान के लिए योग्य निमित्य होना आवश्यक है जिस तरह मिश्रित वस्तु को मिलाने के लिए उसे हम अग्नि में गर्म किया जाता है, तो बीच-बीच में देखते रहते हैं कि मिश्रण ठीक से बन रहा है या नहीं , यदि आपके कार्य ठीक है तो मिश्रण ठीक होगा ।आचार्य श्री ने कहा कि दिगंबरत्व धारण कर लेने और मुनि बन जाने अकेले से मुक्ति हो जाएगी यह अनिवार्य नहीं है कर्म सिद्धांत से ज्ञात होता है कि मुनि को भी श्रेष्ठ आचार - विचार और मुनि की क्रिया का श्रेष्ठता से पालन करनी चाहिए तभी मुक्ति संभव है। शास्त्रों में लिखित सूत्र है कि पुण्य कार्य आवश्यक है। आप समझो कि यह मैं करके रहूंगा का विश्वास रखने वाले भी सब कुछ नहीं कर सकते, हाथ में खींची भाग्य की रेखाएं भी कर्म के साथ बदलती जाती जब आप के भाव और कर्मों में कोई कमी नहीं होती है तो श्रेष्ठ



प्रणाम आपको मिलते हैं। भाग्य शब्द का अर्थ बहुत व्यापक होता है जो आपको प्राप्त नहीं है तो लाभ कैसे मिलेगा , जैसे स्वाति नक्षत्र में समुद्र के अंदर रहने वाली सीप बाहर निकल कर वर्षा के एक बून्द को अपने मुख में सीधे ग्रहण करती है तब मोती का निर्माण होता है, यह प्रकृति का नियम है इसी तरह मनुष्य के उत्तम व्यवहार के नियम का पालन करने से श्रेष्ठ फल प्राप्त होते हैं ।आचार्य श्री कहते हैं कि मुक्ति प्राप्त करने के लिए दिगंबरत्व के साथ मुनि चर्या का पालन करना पड़ेगा, प्रभु पर विश्वास रखना होगा तभी मुक्ति संभव है ।

## कॉलेज एडमिशन

### दो अंकसूची एक साथ नहीं हो रहीं अपलोड, दस्तावेज सत्यापन में परेशानी

जबलपुर। कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया के पहले चरण में शामिल स्टूडेंट्स परेशान हैं। एक तरफ जहां सर्वर डाउन होने से नए स्टूडेंट्स के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हो पा रहा। वहीं पीजी में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स की अंकसूची अपलोड करने के लिए पोर्टल पर एकमात्र स्लॉट उपलब्ध हो रहा है। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले स्टूडेंट्स बिना चॉइस फिलिंग के फार्म लॉक कर रहे हैं।

स्टूडेंट्स की परेशानियों को लेकर कॉलेजों के प्राचार्य उच्च शिक्षा विभाग को बता चुके हैं। सर्वर धीमा चल रहा है, इसलिए दस्तावेज अपलोड करने में ही एक घंटा लग रहा है। यहां उन छात्रों से भी आय प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है जो स्कॉलरशिप के पात्र नहीं हैं। जाति, मूल निवासी जैसे प्रमाण पत्रों पर भी असमंजस है। एमपी ऑनलाइन सेंटर और कॉलेजों का कहना है कि दस्तावेज ज्यादा संख्या में होने से दिक्कत आ रही है। हालांकि शेष सत्यापन का काम कॉलेजों में हेल्प सेंटरों पर किया जा रहा है। इस बार ऑनलाइन अंकसूची में केवल एक सेमेस्टर के नंबर हैं। तीसरे सेमेस्टर की अंकसूची में भी केवल एक ही सेमेस्टर के नंबर हैं। पोर्टल पर सिंगल अंकसूची का स्लॉट होने से अंकसूची प्रस्तुत नहीं हो पा रही है। वहीं स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन के समय चॉइस फिलिंग के बिना फॉर्म लॉक कर दिए हैं। ऐसे में वेरिफिकेशन के लिए जिन कॉलेजों को स्टूडेंट्स की रजिस्ट्रेशन आईडी दी जा रही है, वहां चॉइस फिलिंग नहीं होने से आईडी ओपन नहीं हो रही है।

# कर्मचारियों की मांगों को लेकर होगा आंदोलन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि पूरे प्रदेश में 18 अगस्त को प्रांतीय आहवान पर जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति प्रदेश के हर जिले में कर्मचारियों की 12 सूत्रीय मांगो के निराकरण हेतु शांति पूर्ण ढंग से जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्य मंत्री महोद्य के नाम एक ज्ञापन सौंप कर प्रदेश के कर्मचारियों की जायज मांगो के निराकरण हेतु मांग करेगी। मध्य प्रदेष शासन के द्वारा सन 2020 की रोकी गई वेतन वृद्धि तो दी गयी परंतु कर्मचारियों को 12 माह के एरियर की राशि नहीं दी गई जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। एरियर की राषि कर्मचारियों का हक है जो हर हाल में शासन को देना होगा। प्रदेश शासन को वेतन वृद्धि बहाल करने के साथ ही एरियर की राशि भी देना चाहिए थी। ऐसी ही तमाम मांगे जो कर्मचारियों की अभी पूरी नहीं हुई है उन सभी मांगो को अतिशीघ्र पूरा करने हेतु 18 अगस्त को प्रदेश के हर जिले में जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के द्वारा शांति पूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपा जाएगा।संघ ने आगे बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियो को 28 फीसदी मंहगाई भत्ता दिया जा रहा है लेकिन प्रदेष सरकार अपने कर्मचारियों को 12 फीसदी के अनुसार मंहगाई भत्ता दे रही है। इस प्रकार प्रदेश के कर्मचारी 16 फीसदी पीछे चल रहे हैं यही वजह है कि प्रदेष् ा के कर्मचारी आंदोलन का मन बना चुके हैं ।संघ के संघ के प्रांताध्यक्ष उदित भदौरिया, प्रांतीय संयोजक प्रमोद तिवारी, जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉबर्ट, शहीर मुमताज़, एनोस विक्टर, दिनेष् ा गोंड़, मीनूकांत शर्मा, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, सुनील श्रीवास्तव, विनोद सिंह, अजय मिश्रा, गोपीषाह, राकेश श्रीवास आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों की मांगो को अतिशीघ्र पूरा किया जाए नही तो संयुक्त समन्वय समिति द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# वर्क्स कमेटी का कार्यकाल खत्म तो चुनाव क्यों नहीं

### जी सी एफ मे यूनियनों का जी एम और ए एल सी को पत्र

**जबलपुर यशभारत।**जीसीएफ मे वर्क्स कमेटी का कार्यकाल लगभग एक वर्ष पूर्व ही समाप्त हो गया है।लेकिन प्रबंधन ने अब तक वहां चुनाव नहीं कराये हैं।जबकि संविधान के अनुसार औद्योगिक विवाद अधिनियम1948 के तहत वर्क्स कमेटी का चुनाव और गठन प्रति दो वर्ष में किया जाना अनिवार्य है।इस संबंध में सभी यूनियनों ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर चुनाव की मांग की है।

बताया जाता है कि गत वर्ष कोरोना संक्रमण के चलते वर्क्स कमेटी चुनावों को टाल दिया गया था।यूनियनों ने परिस्थितियों के चलते इस पर कोई आपत्ति भी नहीं जताई थी।लेकिन अब जब सब कुछ सामान्य हो चुका है।गतिविधियां भी सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं।ऐसे में जी सी एफ प्रबंधन चुनाव न कराकर नियमों की अवहेलना कर रहा है।ज्ञात हो कि अभी हाल ही में जी आई एफ और506.आर्मी बेस वर्कशॉप मे निर्विघ्न चुनाव संपन्न हो चुके हैं।लेकिन जी सी एफ प्रबंधन कतिपय कारणों से चुनाव टाल रहा है।इस संबंध में जी सी एफ मजदूर संघ( हथौ?ा ) ने महाप्रबंधक के साथ निर्माणी के श्रमायुक्त के साथ सिविक सेंटर स्थित सहायक श्रम कल्याण आयुक्त कार्यालय को भी पत्र लिखा है।

## आजादी की 75 वीं वर्षगांठ

# प्लेटफार्म नंबर एक पर 10 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल पर भारत के स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर 12 मार्च 2021 से 15 अगस्त 2023 तक आजादी का अमृत महोत्सव* मनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी के मार्गदर्शन में भारतवर्ष देश की आजादी के 75 वर्ष होने पर च्चआजादी का उत्सवज्ज मना रहा है। इसी तारतम्य में पश्चिम मध्य रेल द्वारा जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 की ओर परिसर में पमरे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के नेतृत्व में च्चआजादी से समृद्धिज्ज फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी 9 अगस्त 2021 से 18 अगस्त 2021 तक लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह एवं पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा



श्रीमती अर्चना सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी एवं सभी विभाग प्रमुख, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर और मुख्यालय तथा जबलपुर मंडल के अधिकारी/ कर्मचारी एवं यात्रीगण उपस्थित रहे।

### आकर्षण चित्रों को दर्शाया

यह प्रदर्शनी प्रतिदिन 10 अगस्त से 18 अगस्त तक प्रातः 10~00 बजे से शाम 7~00 बजे तक सभी लोगों के अवलोकन हेतु खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में सन 1853 से लेकर वर्ष 2021 तक की स्वतंत्रता संग्राम एवं रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण उपलब्धियों को बहुत ही सुंदर चित्रों के द्वारा दर्शाया गया है, साथ ही उनका संक्षिप्त विवरण भी दिया गया है। इस प्रदर्शनी में 50 ?टो महात्मा गांधी एवं प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दुर्लभ फोटो को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में बच्चों के लिए सेल्फी प्वाइंट एवं रोटोस्कोप रखा गया है एवं स्वतंत्रता संग्राम के तत्कालीन समय से लेकर अब तक रेल के सफर को बडे रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। रोटोस्कोप में बहुत ही रोचक चार वीडियो (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वच्छ रेल भारतीय रेल, आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर भारतीय रेल एवं हरित रेल भारतीय रेल) को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके साथ ही एलईडी टीवी में भी रेलवे की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं को दिखाया जा रहा है।

* इस प्रदर्शनी की महत्वपूर्ण झांकी में रोटोस्कोप के साथ ही साथ रेलवे का शक्तिशाली इंजन डब्ल्यूएजी 12 60001 और महात्मा गांधी की दांडी मार्च की प्रतिकृति रखी गई है जो लोगों को बहुत ही भा रही है।
* इस प्रदर्शनी में क्यूआर कोड को स्कैन करे और क्यूज खेलें लोगो का आकर्षक का केंद्र बना हुआ है।

शुभारंभ के अवसर पर महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल, अध्यक्षा- महिला कल्याण संगठन एवं सभी विभाग प्रमुखों और अधिकारियों तथा साथ ही साथ स्टेशन में आने वाले यात्रियों ने इस प्रदर्शनी को देखकर बहुत ही सराहा और भूरी-भूरी प्रसंशा की। इस कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के रोकथाम हेतु जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

# पटवारी-बिजली कर्मियों की हड़ताल





**जबलपुर,यशभारत। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर यूनाइटेड फोरम के तत्वावधान में सभी बिजली अधिकारी और कर्मचारी आज एक दिन की हड़ताल पर चले गए हैं। सोमवार-मंगलवार को रात 12 बजे से सभी ने अपने मोबाइल बंद कर लिए हैं। यह मोबाइल 24 घंटे तक बंद रहेंगे। आज किसी भी तरह का कार्य नहीं करेंगे। यदि उपभोक्ता की बिजली गुल हो जाती है तो उस समस्या को भी सुधारने कोई कर्मचारी नहीं आएगा। यदि फाल्ट से बिजली गुल होती है तो उसे सुधार नहीं जाएगा।**

11 अगस्त को ही समस्या सुनी जाएगी। स्टाफ सब स्टेशन पर मौजूद रहेगा, लेकिन सब स्टेशन पर फाल्ट आ गया तो उसे सुधार नहीं जाएगा।यह हड़ताल रात 12 बजे तक जारी रहेगी। हड़ताल से अस्पताल, पानी सप्लाई व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। यहां की सप्लाई को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। इस हड़ताल के माध्यम से बिजली कंपनी के निजीकरण व विद्युत संशोधन बिल का विरोध किया जा रहा है । यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज एवं इंजीनियर के दुर्गेश पाराशर ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण के लिए लाए गए विद्युत सुधार अधिनियम 2021 को लागू करने के विरोध में संगठन ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है जिसके तहत मंगलवार को संपूर्ण बहिष्कार 24 से 28 अगस्त तक 3 दिन से काम बंद ह?ताल और मांगें नहीं माने जाने पर 7 सितंबर से अनिश्चितकालीन ह?ताल की जाएगी । इस अवसर पर संगठन के संयोजक नीलाभ श्रीवास्तव ने कहा कि विद्युत क्षेत्र में कर्मचारी की संख्या लगातार घट रही है वहीं नई भर्तियां नहीं होने से कर्मचारियों पर काम का दबाव ब? गया है इसके बावजूद प्रदेश शासन संविदा कर्मियों की नियमित नहीं कर रही है उन्होंने कहा कि विद्युत क्षेत्र में ज्यादातर काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से किए जा रहे हैं लिहाजा आउटसोर्सिंग कर्मियों की सेवाओं को सुरक्षित किया

## निजी करण व विद्युत संशोधन बिल का विरोध, बिजली कर्मियों की हड़ताल

जाना जरूरी हो गया है इस मौके पर यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज के आर एस परिहार, एस के पचौरी ने भी बताया कियूनाइटेड फोरम की मांग है कि विद्युत कंपनियों का निजीकरण न किया जाये। ट्रांसमिशन कंपनी में लाई जा रही टीबीसीबी को रद्द किया जाये। संविदा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित किया जाये। आउटसोर्स कर्मियों का संविलियन किया जाये। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री कोविड-19 कल्याण योजना में शामिल किया जाये.।। विद्युत संशोधनबिल के विरोध और अपनी 15 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 2 से 5 अगस्त तक विधुत कर्मी यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉयीज एंड इंजीनियर्स के द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत काली पट्टी लगा कर विरोध दर्ज करा चुके हैं। अभियंता संघ के वीकेएस परिहार के मुताबिक अपनी मांगों की उपेक्षा से बिजली कर्मियों में आक्रोश गहराता जा रहा है। इसी के चलते बिजली अधिकारी व कर्मचारियों ने आज 10 अगस्त को एक दिवसीय, 24 अगस्त से 26 अगस्त तक तीन दिवसीय और 6 सितंबर से अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। यह ह?ताल केंद्र सरकार के द्वारा लाये जा रहे इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के विरोध में की जा रही है। जिसमें मुख्यालय जबलपुर समेत प्रदेश भर के लगभग 15 हजार बिजली कर्मी हडताल कर रहे हैं।

रिटायर होने के बाद लंबित ग्रेच्युटी, जीपीएफ, अवकाश नकदीकरण,पेंशन आदि वर्षो से लंबित देय भुगतान तत्काल किया जाए।
विद्युत कंपनियों में वरिष्ठता और उच्चवेतनमान के आधार पर सभी वर्गों में रिक्त उच्च पदों के चालू प्रभार प्रदान किए जाएं और रिक्त पदों को भरा जाए।
मध्य प्रदेश शासन के नियमानुसार सभी प्रकार के मृत्यु प्रकरणों में विद्युत अधिकारी-कर्मचारयों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।
राष्ट्रीय पेंशन योजना में शासकीय अंशदान वेतन और मंहगाई भत्ते का 14 प्रतिशत किया जाए।

### बिजली कर्मियों की प्रमुख मांगें-

केंद्र सरकार वितरण कंपनियों के निजीकरण के लिए प्रस्तावित विद्युत सुधार अधिनियम-21 लागू न करे।
सभी वर्गों के संविदा विद्युत कर्मियों को आंध्र और बिहार की तरह नियमिय किया जाए।
ठेका कर्मियों की सेवा सुरक्षित रखते हुए तेलंगाना/दिल्ली व हिमाचल प्रदेश की तरह भर्ती की जाए। विद्युत कंपनी के सभी अधिकारी कर्मचारियो को फ्रंट लाइन कर्मचारियों की श्रेणी में रखकर मुख्यमंत्री कोविड-19 का लाभ दिया जाए।

### विजय नगर संभाग कार्यालय में भी कामकाज ठप



एस के पचौरी पवन कश्यप ने बताया कि मध्य प्रदेश यूनाइटेड फोरम के एक दिवसीय संपूर्ण कार्य बहिष्कार में कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिससे हमारा और हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। आउटसोर्स कर्मचारी में ड्यूटी पर केबल ऑपरेटर ही उपस्थित रहेंगे मगर कोई लाइन ट्रिप हो जाने पर उसको स्टैंड( चालू) नहीं किया जाएगा और सभी लाइन स्टाफ और अन्य स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होना है अगर उन पर किसी भी अधिकारी या कंपनी सुपरवाइजर के द्वारा उन पर दबाव बनाया जाता है तो उनकी मदद के लिए हम सभी साथी साथ है वह इस नंबर संपर्क पर कर सकते हैं कार्य बहिष्कार में संभाग विजयनगर के हिमांशु अग्रवाल, अल्फा मैडम अमित सक्सेना ,मनोज पाठक दिलीप पाठक अजय कश्यप वीरेंद्र विश्वकर्मा सुरेश वर्मा राजेश सोनी ठाकुर बाबू पालीवाल ,बाबू राजकुमार यादव शामिल रहे।

## पटवारियों ने रखा बस्ता, एमपीईबी कर्मियों ने नहीं पहने दस्ताने

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में पटवारी और एमपीईबी कर्मचारियों ने हड़ताल का शंखनाद कर दिया है। 3 सूत्रीय मांगों को लेकर जहां पटवारियों ने अपना बस्ता नहीं उठाया तो वहीं एमपीईबी कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में कामों को बहिष्कार किया।

### आय-जाति के सर्टिफिकेट और जमीन की नक्शा-खसरा रिपोर्ट नहीं बनाएंगे

3 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे जबलपुर समेत प्रदेश के 19 हजार से अधिक पटवारी आज से कलमबंद ह?ताल पर चले गए हैं। तीन दिन के सामूहिक अवकाश, भू-अभिलेख के सिवाय अन्य कार्य नहीं करने और वेब ॠड्डस् सहित सभी ऑनलाइन कामों का बहिष्कार करने के बावजूद सरकार से उनकी चर्चा बेनतीजा रही है। इस कारण अब वे अनिश्चितकालीन ह?ताल पर यले गए हैं। आज वे कोई काम नहीं करेंगे। पटवारियों ने अपना आंदोलन 25 जून से तेज कर दिया था। वे चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद सरकार और संगठन के बीच मांगों को लेकर कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई। इस कारण अब पटवारी आर-पार की लड़ाई करने के मूड में आ गए हैं।

**इन कामों पर असर** आय-जाति के सर्टिफिकेट, जमीन का नक्शा व खसरा रिपोर्ट, बाढ राहत, अन्न उत्सव, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ देने आदि।

सरकार ने चर्चा नहीं की, न ही प्रोत्साहित किया

मप्र पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि मांगों के संबंध में सरकार और संगठन के बीच चर्चा की जा रही है, लेकिन अब तक सार्थक परिणाम नहीं निकला है। सरकार ने सार्थक रूप से चर्चा नहीं की।

**ये हैं पटवारियों की मांगें** पटवारियों का ग्रेड पे 2800 करते हुए समय मान वेतनमान विसंगति को दूर किया जाए।
गृह जिले में पदस्थापना हो। वर्तमान में कई पटवारियों को गृह जिले से सैक?ों किलोमीटर दूर पदस्थ कर दिया गया है।
नवीन पटवारियों की ष्टक्क्रष्टश्व की अनिवार्यता संबंधी नियम समाप्त किया जाए।

## हल्की बूंदाबादी , बारिश की गतिविधियों में कमी

**जबलपुर ।** आज संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ेंगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आगामी 48 घंटे के दौरान इसी तरह का मौसम बना रहेगा।आज सुबह काले बादलों का डेरा था तो लग रहा था कि बारिया होगी पर कुछ देर बाद वे गायब हो गए। हल्की बूदाबांदी हुई पर अब बारिश का सिलसिला धीरे-धीरे कम होते नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र चक्रवात के रूप में बदल गया है। साथ ही मानसून ट्रफ अब फिरोजपुर, हिसार, दिल्ली, फुरसतगंज, पटना, मालदा से होकर अरुणाचल प्रदेश तक जा रहा है। इस वजह से अब पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। विगत नौ दिन से गहरा कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ था, फिर कम दबाव का क्षेत्र लगातार उत्तरी मध्य प्रदेश व उसके आसपास बना रहा। मौसम विभाग की माने तो उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है इसके असर से जबलपुर सहित संभाग में हल्की बूंदाबादी की संभावना है। लेकिन मानसून ट्रफ लाइन हिमालय की तराई से होती हुई उत्तर में शिफ्ट हो गई है। जिसके कारण मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ गई है। यह भी कहा जा रहा है कि इसके कमजोर पड़ते ही बारिश की रही सही संभावनाएं भी खत्म हो जाएगी। मानसूनी सीजन में अभी तक जबलपुर में एक तिहाई बारिश भी नहीं हुई है। जिले में हर वर्ष सीजन में करीब 52 इंच बारिश दर्ज की जाती थी। लेकिन इस वर्ष सीजन के दो महीने गुजर जाने के बाद भी 421.7 यानी साढ़े 16 इंच बारिश ही दर्ज की गई है। मानसून के तराई में पहुंचने के बाद बारिश की रही-सहीं उम्मीद भी खत्म हो रही है। मौसम विभाग ने भी साफ कर दिया है कि मानसून की गतिविधि कमजोर पड़ रही है। हालांकि लोगों को उम्मीद है कि अभी सितंबर का पूरा महीना शेष है, बारिश अपने कोटे के करीब पहुंच जाएगी। लोगों का मानना है कि मानसून के अंत में ही जबलपुर में सबसे ज्यादा बारिश होती है। सोमवार को अधिकतम तापमान 31 और 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तापमान बढ़ने से वातावरण में एक बार फिर हल्की उमस महसूस होने लगी है। सुबह की आद्रता 89प्रतिशत रही।



## मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने मरीजों को फल वितरण कर मनाया जन्मदिवस



**जबलपुर।** मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने आज अपने जन्मदिवस पर मानव सेवा के कारवां को आगे बढ़ाते हुए मेडिकल अस्पताल, रेनबसेरा में ठहरे परिजनों को फल-मिष्ठान वितरण करके माँ नर्मदा के तट पर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उनके चाहने वालों ने उनका ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए, ऐसे ही मानवसेवा करते रहने का आर्शीवाद दिया। मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर, संस्कारधानी के ऐसे विरले सपूत है जिन्होंने अपना सब कुछ मानव जीवन को समर्पित कर दिया। जहां कोई निराश्रित, अनाथ,असहाय मिलता है, बच्चे हो या बुजुर्ग सबका सहारा बनकर सामने खड़े हो जाते है। सबसे बड़ी बात इनके अंदर वो जज्बे की है जिसमे कोई विक्षिप्त, बेसहारा,असहाय व कूड़े- कचरे में पड़ी लाशों को देखना भी पसंद नहीं करता, ऐसे लोगों का हमेशा सहारा बने है आशीष ठाकुर। कोरोना काल में मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए आशीष ठाकुर में मेडिकल, विक्टोरिया सहित फुटपाथों पर पड़े लोगों तक को फल और भोजन उपलब्ध करवाएं तो वहीं अनेक शवों का दाह संस्कार भी किया। कोरोना में जब अपने भी शव लेने से पीछे हट गए तो ऐसे नाजुक वक्त में भी आशीष ठाकुर ने समाज के सामने अनुकरणीय कार्य करते हुए शवों का उनके धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार कर अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाया।

## वकीलों को दी जाए आर्थिक सहायता



### स्टेट बार काउंसिल के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मांग

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से मुलाकात कर प्रदेश के वकीलों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। इस मौके पर वकीलों ने आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर वकीलों को 50 करोड की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने स्टेट बार कौंसिल की मांगों पर जल्द निर्णय करने का आश्वासन दिया है। उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि बार काउंसिल के चेयरमैन डॉ विजय चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि नेताओं को ऑल इंडिया बार एग्जाम राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि कई वर्षों से नहीं दी जा रही है। इलाज कराने हेतु तथा अधिवक्ता की मृत्यु के पश्चात दी जाने वाली 1 लाख की राशि भी राज्य सरकार द्वारा वर्षों से नहीं की गई है। मुख्यमंत्री को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर निवेदन किया गया है कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के हितार्थ पेंशन योजना प्रारंभ की जाए। इसके साथ ही कोरोना काल में आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण 50 करोड की सहायता राशि दी जाए। जबलपुर में परिषद का नया भवन बनाए जाने हेतु 50 करोड की सहायता राशि दी जाए। पूर्व घोषणा अनुसार नये अधिवक्ताओं को दी जाने वाली 12 हजार की राशि को बढ़ाकर 25 हजार करने एवं गंभीर बीमारी व मृत्यु दावा राशि 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की मांग की गई है। इस मौके पर स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी, चेयरमैन अखंड प्रताप सिंह, शैलेंद्र वर्मा, प्रवक्ता राधेलाल गुप्ता ,सदस्य जयप्रकाश मिश्रा, नरेंद्र कुमार जैन सहित अन्य मौजूद थे।



## युवा अधिवक्ताओं ने की सुरक्षा की मांग

**जबलपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय में युवा अधिवक्ताओं के द्वारा अधिवक्ताओ के हित को ध्यान में रखते हुए कोर्ट के मुख्य द्वारो में मेटल डिटेक्टर लगवाने की मांग एवं पक्षकारों के साथ असमाजिक व्यक्तिओ की जॉच के प्रावधान की मांग जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व सचिव को ज्ञापन देते हुए की है। अधिवक्ता रविंद्र दत्त के नेतृत्व में युवा वकीलों के समूह ने जिला बार अध्यक्ष सुधीर नायक से कहा कि न्यायालय परिसर में बिना किसी जांच के लोगों को प्रवेश दिया जा रहा है जिसके चलते कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है। इन्होंने मांग की है न्यायालय की सभी मुख्य मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जाए इस मौके पर अधिवक्ता रविंद्र दत्त , सोमदत्त, अमन जैन , सचिन रघुवंशी , विशाल सोनकर , अमित कोहली , दुर्गेश मानना , रिंकेश मौर्य , पंकज शर्मा , मनोज रघुवंशी , बाला ठाकुर , राकेश टनडन , गौरव ठाकुर , सुरेंद्र कुशवाहा, बादल अग्रवाल ,विकास कुमार ,रोहित जोसी ,राजू, रफ़ीक ,महेंद्र श्रीवास , आशीष तिवारी , मिथुन मिश्रा , एवं अन्य सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

**जिला बार अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया**

### गांव की बेटी ने बढ़ाया देश का गौरव

## द वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लन्दन ने सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**शहपुरा भिटौनी।** हाल ही में अंतराष्ट्रीय भागवत कथा वाचक पूज्य प्राची देवी को लन्दन द्वारा दा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड से सम्मानित किया गया। जिनके द्वारा 9 वर्ष की आयु से देश विदेश में कुल अभी तक 437 भागवत कथा की गईविगत दो वर्ष पहले अपने 30 दिन के विदेश प्रवास में वेल्जियम जर्मनी इटली नीदरलैंड फ्रांस आदि में अपनी अंतरास्ट्रीय ख्याति अर्जित कर भागवत कथा एवम राम कथा सम्पन्न कराई। शहपुरा नगर में पंडित राजकिशोर शुक्ल परिवार में सन 1993 में जन्म हुआ । बाल्य अवस्था से ही अपनी अलौकिक प्रतिभा की धनी रही महज 9 वर्ष की आयु से ही भागवत कथा अपने मुखरबिंद से प्रारंभ कर दी अपनी तेज तर्रार प्रवचन शैली और शास्त्रों के प्रमाणिता के कारण से देश प्रदेश और फिर विदेश में भारतीय संस्कृति के धर्म का पताका का परचम लहराया इनके द्वारा वेल्जियम इटली जर्मनी फ्रांस नीदरलैंड आदि देशों में धर्म ध्वजा का परचम लहराया जिस वजह से आज पूरा नगर प्रदेश और भारत देश गौरवान्वित हुआ जिनको इस उपलब्धि में लन्दन द्वारा द वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ।



**शहपुरा नगर में हर्ष का माहौल**


**आवश्यकता है**

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

**संपर्क**
**श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर**
**मालगुजार परिसर के पहले**
**मो.9977112211**
**बायोडाटा सहित संपर्क करें**

**FOR SALE**

Newly renovated luxury 3BHK Duplex in Civil Lines, Pachpedi,Near VC Bungalow is available for sale. Only
**Genuine buyers contact to Mr.Arun Mob.- 9826155990,6260207272 & Mr. HKP Mishra Mob.-7748995534.**
**Brokers please excuse.**


## आर्यव्रत युवा विचार मंच संस्था ने किया पौधारोपण

**जबलपुर।** आर्यव्रत युवा विचार मंच संस्था द्वारा हर वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष कोविड-19 के चलते आर्यव्रत टीम द्वारा यह तय हुआ वरिष्ठ सदस्य कुंडल राव के भारतीय जनता पार्टी महानगर जिला मंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य पर आर्यव्रत टीम द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम सदर शिवाजी मैदान के समक्ष चंसोरिया कंपाउंड में आयोजित किया गया । इस मौके पर पं निशांत शर्मा. मंच अध्यक्ष कुंडल राव ,हरीश ठाकुर. प्रियंक चंसोरिया. श्रीमती जया चंसोरिया. सीमा सिंह चौहान. रुचिका दीक्षित.सुमि सुनाने.श्रीमती ज्योति प्रजापति.सोढ़ा अंकित जैन.उत्कर्ष दोहरे .सुमित सिंह. यशवर्धन दत्त. विवेक लखेरा .पवन ताम्रकार .तरुण अवस्थी.अभिषेक उपस्थित रहे।



## पूर्व कांग्रेस नेता दीपक सेठी का निधन



**जबलपुर।** पूर्व छात्र नेता व कांग्रेस नेता दीपक सेठी का आज इलाज के दौरान निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि दीपक सेठी कुछ दिनों पूर्व सड़क हादसे में बुरी तरह घायलहो गये थे और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था आज उन्होंने अंतिम सांस ली। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ ( शिक्षण विभाग ) ने श्री सेठी के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## 10वीं व 12वीं की विशेष परीक्षा में छह हजार विद्यार्थी होंगे शामिल

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ( माशिम ) की ओर से जारी किए गए 10वीं व 12वीं के परिणाम से प्रदेश के करीब छह हजार विद्यार्थी नाखुश हैं और वे परीक्षा देना चाहते हैं। इन्होंने परीक्षा देने के लिए आवेदन किया है। विशेष परीक्षा देने के लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि मंगलवार 10 अगस्त है। इन विद्यार्थियों की एक से 25 सितंबर के बीच विशेष परीक्षा होगी। परीक्षा में वे विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनका परिणाम अनुपस्थिति के कारण जारी नहीं किया गया है।

### सेंट्रल हाउसिंग फाइनेंस बैंक मैनेजर का कारनामा

## पीएम आवास की सब्सिडी दिलाने मांग रहा था 1 लाख की रिश्वत

**जबलपुर, यशभारत।** मदन महल के मानस भवन स्थित सेंट्रल हाउसिंग फायनेंस के मैनेजर के एक कारनामा सामने आया है। उसने एक ग्राहक का हाउसिंग लोन इस बात पर कैंसिल करा दिया कि उसे ग्राहक ने पीएम आवास सब्सिडी के 1 लाख रुपए रिश्वत के तौर पर नहीं मिले। जिसके बाद पीड़ित ने मदनमहल थाना पहुंचकर मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि मूलतः गोटेगांव में रहने वाले प्रभुदयाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्हें मकान बनवाने के लिए लोन की आवश्यकता थी। इसी दौरान उन्हें मानस भवन के पास स्थित सेंट्रल हाउसिंग फ ायनेंस के बारे में पता चला तो उन्होंने 20 दिसंबर 2020 को फ ायनेंस कंपनी के मैनेजर प्रशांत सोनी के संपर्क किया। प्रशांत ने पहली मीटिंग में ही प्रभुदयाल को अपने झांसे में लेकर प्रोसेसिंग फ ीस जमा करा ली और फि र तकरीबन 12 लाख का लोन भी करा दिया, लेकिन सेंक्शन अमाउंट के चेक के एवज में 1 लाख रुपए की मांग करने लगा। प्रभु दयाल ने जब मना किया तो मैनेजर प्रशांत ने लोन को तो कैंसिल कराया ही, साथ ही उसकी प्रोसेसिंग फ ीस भी वापस नहीं की। प्रभुदयाल कई महीनों तक अपनी रकम वापस मांगता रहा, लेकिन मैनेजर आनाकानी करता था, जिससे त्रस्त होकर उन्होंने पूरी घटना से पुलिस को अवगत कराते हुए मैनेजर पर कार्रवाई की गुहार लगाई।

**पुलिस ने आरोपी को दबोचा**


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (मप्र)

E-mail ID-modgmseo@mp.gov.In

क्रमांक/410/खनिज/उप/2021 सिवनी, दिनांक 30/7/2021

मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप सनोडिया आ. श्री सूरजप्रसाद सनोडिया नि. ग्राम सिंघोड़ी पो. हथनापुर तह. सिवनी मप्रद्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 28.6.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 298/खनिज/उ.प./2021 सिवनी दिनांक 1.7.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुनः दिनांक 16.8.2021 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जाएंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | गाडरवारा | 513 | 10.18 हे में से 2.00 हे. | शासकीय भूमि | बोल्डर गिट्टी | |
| | | | कुल रकबा | 2.00 हे. | | | |

1 उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईनआवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2 यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना सेप्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सीाी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने क आशय स उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3 यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्रत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशाय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4 यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयाविध में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5 निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**खनि अधिकारी**
**जिला सिवनी (मप्र)**

जी- 15286/21

# न लाइसेंस न ही कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस, चार माह से चल रही थी टोस्ट फैक्ट्री

**भोपाल ।** भोपाल में पिछले चार महीने से टोस्ट बनाने की एक फैक्ट्री बिना लाइसेंस चल रही थी। बड़ी मात्रा में यहां पर टोस्ट तैयार किया जा रहा था। इस काम में 12 कर्मचारी लगे हुए थे, लेकिन किसी का न तो मेडिकल फिटनेस था न ही हाथ में दस्ताने और सिर में टोपी थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने चार घंटे तक जांच के बाद रात आठ बजे के करीब फैक्ट्री को सील कर दिया। फैक्ट्री में 15 क्विंटल टोस्ट रखा हुआ है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री में हर दिन करीब 15 क्विंटल टोस्ट बनाया जा रहा था, इसके बाद भी फैक्ट्री संचालक ने लाइसेंस नहीं लिया था। यहां तक की आज तक लाइसेंस के लिए आवेदन तक नहीं किया। गोविदपुरा में गगन टोस्ट फैक्ट्री है। इसके मालिक गगन रघुवंशी हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम यहां पर सोमवार को पहुंची तो 12 कर्मचारी टोस्ट बनाने के काम में लगे थे। अधिकारियों ने लाइसेंस की मांग तो इसकी जगह प्रबंधन की तरफ से पंजीयन दिखाय गया जो कि मालिक के घर के पते का था। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएसएसए) के मापदंड के अनुसार हर साल में 12 लाख रुपये से ज्यादा का उत्पादन करने वाले



कारखाने के लिए जिले के अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा से लाइसेंस लेना होता है। यहां से टोस्ट, मैदा, तिल, एमसीबी पाउडर का नमूना लिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुणेश पटेल, भोजराज धाकड़, अर्चना प्रभाकर, साधना सक्सेना शामिल थीं।

### अब क्या हो सकता है

फैक्ट्री मालिक की तरफ से फैक्ट्री को खोलकर टोस्ट निकालने का एडीएम के यहां आवेदन किया जा सकता है। इसके बाद कारखाने को खोलने की अनुमति मिल सकती है। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा की अधिकारियों की तरफ से एडीएम कोर्ट में केस दर्ज कराया जाएगा। दोषी पाए जाने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना और छह महीने की सजा हो सकती है।

### एवन टोस्ट व ब्रेड फैक्ट्री को दिया नोटिस

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गोविंदपुरा में ही एवन टोस्ट व ब्रेड फैक्ट्री में जांच की। यहां गंदगी मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सफाई व्यवस्था सुधारने का नोटिस दिया गया है। यहां पर टोस्ट सफाई से नहीं रखा गया था। कर्मचारी दस्ताने नहीं पहने हुए थे। फर्स में अच्छे से सफाई नहीं थी।



# होटल संचालक के घर चोरों का धावा

**भोपाल।** बैरागढ़ के रहवासी इलाके में अज्ञात चोरों ने एक होटल संचालक के घर धावा बोलकर करीब डेढ़ लाख रुपए के जेवर एवं चांदी के बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। होटल संचालक के घर तीसरी बार चोरी की वारदात हुई है। जानकारी के अनुसार कैलाश नगर निवासी प्रवीण तिवारी निजी काम से कल रात घर में ताला लगा कर दमोह गए थे। वापस लौटने से पहले ही उन्हें पता चला कि घर में घुसकर चोर घटना को अंजाम दे गए हैं। प्रवीण के अनुसार परिवार का एक सदस्य घर पहुंचा तो घर के ताले टूटे थे। घर में रखे चांदी के बर्तन पूजन के बर्तन एवं सोने के टॉप्स गायब थे। इनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपया आंकी गई है। तिवारी के निवास पर 2 साल पहले भी चोरी की वारदात हुई थी तब चोर करीब 5 लाख रुपये के जेवरों पर हाथ साफ कर गए थे। कुछ समय पहले भी उनके घर पर चोरी हुई थी तब आरोपित पकड़ा गए थे। यह तीसरी वारदात है। दूसरी बार हुई चोरी के आरोपी अभी तक पुलिस नहीं पकड़ सकी है तीसरी वारदात के आरोपी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जूते, चप्पल की दुकान के ताले टूटे

बैरागढ़ के मारुति कांप्लेक्स ने एक जूते की दुकान पर ताले तोड़कर अज्ञात चोर करीब 12 हज़ार नगदी एवं सामान ले गए। चोरी की वारदात रमेश पटेल की दुकान पर हुई चोर ताले तोड़ने के बाद अपने साथ ही ले गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

# 10वीं व 12वीं की विशेष परीक्षा में छह हजार विद्यार्थी होंगे शामिल



**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की ओर से जारी किए गए 10वीं व 12वीं के परिणाम से प्रदेश के करीब छह हजार विद्यार्थी नाखुश हैं और वे परीक्षा देना चाहते हैं। इन्होंने परीक्षा देने के लिए आवेदन किया है। विशेष परीक्षा देने के लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि मंगलवार 10 अगस्त है। इन विद्यार्थियों की एक से 25 सितंबर के बीच विशेष परीक्षा होगी। परीक्षा में वे विद्यार्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनका परिणाम अनुपस्थिति के कारण जारी नहीं किया गया है। बता दें कि बिना परीक्षा के इस साल 10वीं व 12वीं के साढ़े 16 लाख विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया है। इस बार दोनों कक्षा का परिणाम सौ फीसद रहा। मंडल ने कोरोना के चलते 10वीं का परिणाम बेंचमार्क व 12वीं का 10वीं के परिणाम के आधार पर घोषित किया जा चुका है। इससे नाखुश विद्यार्थियों की मंडल निश्शुल्क विशेष परीक्षा आयोजित कर रहा है। परीक्षा देने वाले विद्यार्थी का वर्तमान परिणाम होगा अमान्य परीक्षा में जो विद्यार्थी शामिल होंगे उनका वर्तमान परिणाम अमान्य कर दिया जाएगा। इनकी विशेष परीक्षा के आधार पर तैयार परीक्षा परिणाम ही अंतिम मान्य होगा। यदि कोई छात्र मुख्य परीक्षा में सभी विषयों में उत्तीर्ण है और अंक सुधार के लिए विशेष परीक्षा में शामिल हुआ है। अब यदि विशेष परीक्षा में छात्र एक या एक से अधिक विषय में फेल होगा तो रिजल्ट पूरक या फेल का होगा। विद्यार्थी को पूरक या अनुत्तीर्ण की अंकसूची प्रदान की जाएगी।

अब तक करीब छह हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन दिया है। इनकी परीक्षा एक से 25 सितंबर के बीच आयोजित होगी।

**उमेश कुमार सिंह, सचिव माशिम**

# प्रदेश के 12 जिलों में भारी बारिश यलो अलर्ट जारी

**भोपाल।** प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, पन्ना, होशंगाबाद, रतलाम, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, मुरैना, श्योपुरकलां में भारी बारिश की आशंका चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रीवा, भोपाल, ग्वालियर एवं चंबल संभागों के जिलों में व छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिले में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। उज्जैन, सागर, इंदौर, होशंगाबाद एवं जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ेंगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आगामी 48 घंटे के दौरान इसी तरह का मौसम बना रहेगा। इधर, राजधानी सहित प्रदेश में अब बारिश का सिलसिला धीरे-धीरे कम होते नजर आ रहा है। मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र चक्रवात के रूप में बदल गया है। साथ ही मानसून ट्रफ अब फिरोजपुर, हिसार, दिल्ली, फुरसतगंज, पटना, मालदा से होकर अरुणाचल प्रदेश तक जा रहा है। इस वजह से अब पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। विगत नौ दिन से गहरा कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ था, फिर कम दबाव का क्षेत्र लगातार उत्तरी मध्य प्रदेश व उसके आसपास बना रहा। इससे ग्वालियर, चंबल, सागर संभाग के



जिलों में बाढ़ के हालात बन गए थे। यह सिस्टम कमजोर पड़कर वर्तमान में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में तब्दील होकर उत्तर-पूर्वी मप्र और उससे लगे दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर बना हुआ है।

### अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हुई बढ़ोतरी

सोमवार को राजधानी में सुबह से हल्की धूप खिली रही और बादल भी छाए रहे। दोपहर तक कुछ देर के लिए बादल और सूरज की आंख मिचौली चलती रही और शाम तक बारिश नहीं हुई। धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भोपाल में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तरह अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक-एक डिग्री अधिक दर्ज किए गए हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार मंगलवार को राजधानी में बादल छाए रहेंगे। शहर के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की स्थिति बन सकती है। वहीं 18 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### यहां हुई इतनी बारिश

सोमवार दोपहर होशंगाबाद में 21, सीधी में 21, सतना में 17, रीवा में 16, मलाजखंड में 15, मंडला में 10, दमोह में पांच, जबलपुर में 3.2, इंदौर, टीकमगढ़ व उमरिया में तीन, ग्वालियर में 2.0, सागर में एक मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं गुना, रतलाम और शाजापुर में भी हल्की बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान रीवा व भोपाल संभाग के कुछ जिलों, शहडोल, सागर, उज्जैन, ग्वालियर संभागों के जिलों तथा चंबल, इंदौर, जबलपुर एवं होशंगाबाद संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई है। इसके चलते पन?ना, आलोट में 70 मिलीमीटर, सुसनेर, हटा, सीधी में 60 मिलीमीटर, बक्सवाहा, बांदा, देवसर, बहरी, जैसीनगर, मंदसौर, दतिया में 50 मिलीमीटर, खांतेगांव, जावद, सुवासरा, मनासा, चंदेरी, धुंधकडा, श्योपुरकलां, बरेली, मालधीन, हनुमना, सिंगरौली में 40 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

जिलों का तापमान

| जिला | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| भोपाल | 29.3 | 24.4 |
| इंदौर | 26.9 | 22.8 |
| ग्वालियर | 32.8 | 25.9 |
| जबलपुर | 31.0 | 24.2 |

नोट- आंकड़े डिग्री सेल्सियस में



# सारथी ई-परिवहन का सर्वर सुस्त, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए नहीं हो पा रहे आवेदन

**भोपाल।** राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के क्षेत्रीय व जिला परिवहन कार्यालयों में जाने के बजाय घर बैठे ऑनलाइन लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की दो अगस्त से शुरू हुई सुविधा का लोग पूरी तरह फायदा नहीं ले पा रहे है। लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करने में लोगों को दिक?कत हो रही है। दरअसल सारथी ई-परिवहन बेवसाइट का सर्वर ठीक से नहीं चलने से न आवेदन खोलने के लिए आटीपी आ रहा है और न ही पासवर्ड समय पर आ रहा है। लिहाजा लोग लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। आवेदक प्रीतम सिंह और निधि गौर ने बताया कि घर पर कंप?यूटर सिस्टम पर सारथी ई-परिवहन बेवसाइट पर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने बैठे तो सर्वर ठीक से नहीं चल रहा था। धीमा सर्वर होने से आवेदन का प्रोफार्मा खुलने और इसे विधिवत जानकारी व जरूरी दस?तावेजों के साथ सबमिट करने में दिक्कत हुई। टेस्ट देने के लिए ओटीपी व पासवर्ड नहीं आया। परिवहन विभाग ने घर बैठे लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा दी, यह अच्छी बात है। लेकिन तय समयावधि 10 मिनट में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन पा रहे हैं। इससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। बता दें कि आरटीओ में रोजाना 300 तक लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाते थे। घर बैठे ऑनलाइन लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा शुरू होने से दिनभर में 125 से 130 तक बड़ी मुश्किल से लाइसेंस बन पा रहे हैं। इस संबंध में परिवहन आयुक्त मुकेश कुमार जैन का कहना है कि निरंतर सुधार कार्य चल रहा है। जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

# मिलों की डिमांड बढ़ने से चना, तुअर, मसूर, मूंग और उड़द में तेजी

**इंदौर।** इंदौर के आसपास सोमवार सुबह मौसम खुला रहा। सुबह मंडी में ज्यादातर दलहन में मिलों की अच्छी लेवाली देखने को मिली है। इससे सभी दलहन की कीमतों में तेजी का वातावरण रहा। हालांकि दोपहर बाद फिर रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया था। वायदा में सोयाबीन नरम पड़ने के बाद चने में सट्टेबाजी बढ़ने की बात कही जा रही है। सोमवार को वायदा मार्केट में चना कांटे में नीचे दामों पर सटोरियों की हलचल बढ़ने से हाजर बाजार में भी चने की कीमतों में तेजी रही।इंदौर मंडी में चना कांटा 50-75 रुपये उछलकर 5150-5175 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। दरअसल, नाफेड द्वारा 6 अगस्त को मध्यप्रदेश में रबी 2018 का चना टेंडर 4701 रुपये और रबी 2019 और रबी 2020 का चना टेंडर रिजेक्ट किया गया। राजस्थान में रबी 2020 का चना टेंडर 4801-4841 रुपये प्रति क्विंटल पर पास किए गए। मसूर और तुअर में अच्छी मांग के सामने स्टाक सुगम नहीं होने से शनिवार शाम से तेजी को बल मिलने लगा था। इससे मंडी खुलने के साथ कीमतों में तेजी रही।मसूर 100 रुपये बढ़कर 6500 और तुअर 100 रुपये बढ़कर महाराष्ट्र की सफेद 6600-6700 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। इसके समर्थन में तुअर दाल 50 रुपये और मसूर दाल में 100 रुपये बढ़ गई। वहीं आवक में कमी से उड़द में 200 और मूंग 100 रुपये की तेजी रही। सतना में नए मूंग की आवक दर्ज हुई है। भाव मुहूर्त में 5900 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आवक 60 बोरी की बताई गई।दलहन के दाम ~ चना 5150 से 5125, विशाल चना 4750 से 5000, मसूर 6450 से 6500, मूंग 6300 से 6400, एवरेज 5800 से 6100, तुअर सफेद



6600 से 6700, कर्नाटक 6700 से 6900, निमाड़ी 5500 से 6400, उड़द 7000 से 7200, मीडियम 5500 से 6700 रुपये क्विंटल।दालों के दाम ~ चना दाल 6000 से 6200, मीडियम 6300 से 6400, बोल्ड 6500 से 6600, मसूर दाल मीडियम 7500 से 7600, बोल्ड 7700 से 7800, तुअर दाल सवा नंबर 8600 से 8700, फूल 8800 से 8900, बेस्ट तुअर दाल 9000 से 9200, एक्ट्रा बेस्ट तुअर 9300 से 9700, मूंग दाल मीडियम 6900 से 7000, बोल्ड 7100 से 7200, मूंग मोगर 7700 से 7800, बोल्ड 7900 से 8000, उड़द दाल मीडियम 9300 से 9500, बोल्ड 9600 से 9700, उड़द मोगर 9200 से 9400, बोल्ड 9500 से 9600 रुपये।

काबली चना कंटेनर भाव

काबली चना (42-44) 9500, (44-46) 9350, (58-60) 9050, (60-62) 8950 रुपये।

इंदौर चावल भाव

दयालदास अजीत कुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 9000 से 9500, तिबार 7500 से 8000, दुबार 6500 से 7000, मिनी दुबार 5500 से 6500, बासमती सेला 5000 से 7000, मोगरा 3500 से 5500, दुबराज 3500 से 4000, कालीमूंछ डिनरकिंग 7000, राजभोग 6000, परमल 2700 से 2850, हंसा सेला 2600 से 2750, हंसा सफेद 2400 से 2500, पोहा 3200 से 3700 रुपये क्विंटल बिका।

# बिजली कर्मचारियों की मोबाइल बंद हड़ताल, आज बिजली गई तो जल्द सुधरना मुश्किल




**भोपाल ।** आज यानी 10 अगस्त को शाम तक सतर्क रहिए, क्योंकि आपके घर या मोहल्ले की बिजली गुल हुई तो शायद ही जल्द ठीक हो पाएगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्रदेश भर की बिजली कंपनियों के इंजीनियर व हजारों कर्मचारी हड़ताल पर है। हड़ताल किसी एक जगह पर जुटकर नहीं की जा रही है, बल्कि सभी अपने-अपने घरों में मोबाइल बंद करके बैठे हैं। पहली बार इस तरह की हड़ताल हो रही है, जो शाम तक चलेगी। इस हड़ताल से बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा सकती है। हालांकि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह का दावा है कि हड़ताल से विद्युत आपूर्ति प्रभावित नहीं होने देंगे। चिंता करने की बात नहीं है। अब यदि इंजीनियरों व कर्मचारियों द्वारा दी गई चेतावनी के अनुरूप हड़ताल चली तो शाम तक बिजली आपूर्ति गड़बड़ा सकती है। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लाइज एवं इंजीनियर संघ के संयोजक वीकेएस परिहार का दावा है कि 90 फीसद बिजली कंपनी के इंजीनियर कार्यालय नहीं पहुंचे।बता दें कि बिजली कंपनियों ने इंजीनियर, अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि चौबीस घंटे मोबाइल चालू रहना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि ज्यादातर उपभोक्ता अपने-अपने क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी, इंजीनियरों को बिल व आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें फोन पर करते हैं, जिससे निराकरण भी जल्द होता है। कंपनी ने इसे देखते हुए सभी के नंबर सार्वजनिक किए हैं। पूर्व में मोबाइल बंद रखने वाले कुछ इंजीनियरों पर कार्रवाई भी हुई है। लेकिन आज चेतावनी के अनुरूप इंजीनियरों ने मोबाइल बंद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि सात अगस्त को प्रदेश भर की बिजली कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर चुके हैं। बिजली कर्मचारियों के 17 संगठनों के संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले बीडी गौतम का कहना है कि कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। इसके कारण विरोध दर्ज कराया गया था।

### फोरम ने यह बताई हड़ताल की वजह

- आरोप है कि केंद्र सरकार बिजली कंपनियों को निजी हाथों में देने संबंधी बिल लाने जा रही है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। यह बिल पास होता है तो बिजली कंपनी निजी हाथों में चली जाएंगी। इसमें काम करने वाले हजारों अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारी भी निजी हाथों में चले जाएंगे, जहां शोषण होगा। उपभोक्ताओं की भी सुनवाई नहीं होगी। उपभोक्ताओं को सरकार जो छूट देती है, वह नहीं मिलेगी।
- प्रदेश भर में इंजीनियरों के 700 से अधिक पद खाली हैं, जिन्हें नहीं भरा जा रहा है।
- संविदा पर रखे इंजीनियरों को नियमित नहीं किया जा रहा है।
- बिजली कंपनियों में अधिकारी, कर्मचारियों की जरूरत के लिए मापदंड तय नहीं किए जा रहे हैं।
- आउटसोर्स पर युवाओं को रखकर शोषण किया जा रहा है।
- कर्मचारियों की कमी और आउटसोर्स कर्मचारियों के अप्रशिक्षित होने से उपभोक्ताओं को समय पर ठीक सेवा नहीं मिल रही है। आम उपभोक्ता बिजली कर्मचारियों को जिम्मेदार मान रहे हैं।

# हमीदिया के नए अस्पताल भवन की अंदरूनी डिजाइन में फिर बदलाव

**भोपाल ।** हमीदिया अस्पताल के दो हजार बिस्तर के नए भवन की भीतरी डिजाइन में एक फिर बदलाव किया जाएग। इसकी वजह से अस्पताल भवन 31 अगस्त तक ही तैयार हो पाएगा। अभी 10 अगस्त यानी आज तक काम पूरा करने की समयसीमा तय की गई थी। यह आठवीं बार है, जब विभागाध्यक्षों ने भीतरी हिस्से में बदलाव के सुझाव दिए हैं। बार-बार बदलाव की वजह से काम पूरा करने में देरी हो रही है। अप्रैल 2016 में अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसे मार्च 2019 तक पूरा किया जाना था, लेकिन एक के बाद एक कई अड़चनों और इसके बाद कोरोना संक्रमण के कारण अस्पताल के निर्माण कार्य में देरी हो रही है।

अस्पताल के निर्माण कार्यों को लेकर सोमवार को आर्किटेक्ट ने डीन कार्यालय में प्रजेंटेशन दिया। इसमें अस्पताल के भीतर अभी तक किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। इस पर विभागाध्क्षों ने अपनी जरूरतों के अनुसार कुछ बदलाव करने को कहा है। दो अलग-अलग



ब्लाक में कुल 1570 बिस्तर हैं। इसके अलावा सुपर स्पेशियलिटी विभाग मिलाकर कुल दो हजार बिस्तर नए अस्पताल भवन में हैं।

यह बदलाव करने को कहा

- ब्लाक-ए में भूतल पर रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सीटी स्कैन और एमआरआइ मशीन लगाने के लिए जगह बनाई जाए।

-यहां पर डिजिटल एक्सरे कक्ष के पास कैंटीन है। रेडिएशन के खतरे के चलते कैंटीन को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना है।

-कुछ विभाग में डॉक्टरों के लिए ड्यूटी कक्ष कम हैं। इस बढ़ाने को कहा गया है।

-एसी की व्यवस्था की कुछ जगह नहीं है।

-सक्शन लाइन कुछ जगह लगाने को कहा गया है।

अस्पताल के निर्माण में देरी से यह दिक्कत

-117 पीजी सीटें बढ़नी हैं, लेकिन अस्पताल भवन तैयार नहीं होने से दिक्कत आ सकती है।

-- एमबीबीएस की सीटें पिछले साल 180 से बढ़कर 250 हुई थीं, लेकिन कई विभागों में मापदंड के अनुसार बिस्तर कम हैं। ऐसे में एनएमसी से मान्यता अटक सकती है।

- कोरोना की संभावित तीसरी लहर के लिए बी ब्लाक में 700 बिस्तर तैयार किए जाने हैं, लेकिन काम पूरा नहीं होने से इसमें देरी होगी।

कुछ विभागों में मामूली बदलाव विभागाध्यक्षों ने सुझाएं हैं। सभी को पूरा कर 31 अगस्त दोनों ब्लाक तैयार करने की बात निर्माण एजेंसी पीआइयू की तरफ से कही गई है।

- डॉ. जितेन शुक्ला, डीन, जीएमसी, भोपाल

## सोशल मीडिया पर कथित लिस्ट डालने वालों की पुलिस ने की पहचान

# सटोरियों के खिलाफ 10 एफआईआर, संरक्षण देने वालों की हो रही जांच

*नरसिंहपुर यभाप्र। शहर में सट्टे के खिलाफ जागरूक पत्रकारों द्वारा लंबे समय से मुहिम छेड़ी गई है। इसके चलते पुलिस महकमा लगातार सट्टा केंद्रों को नेस्तनाबूद करने में जुटा है। इससे तिलमिलाए सटोरियों और उनके पैसों से पलने वाले फर्जी पत्रकारों ने तीन दिन पूर्व एक कथित नामों की लिस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। जिसमें मुहिम छेड़ने वाले पत्रकारों पर ही सट्टा को संरक्षण देने का आरोप लगा दिया था। इस मामले में सोमवार को पुलिस अधीक्षक के नाम 10 से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों ने सटोरियों और उनके संरक्षणदाताओं के खिलाफ आवेदन देकर एफआइआर दर्ज कराई है।*



सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय आंचलिक पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अजय खरे, सचिव आशीष खरे के साथ पहुंचे अविनाश राव, पंकज गुप्ता, आनंद श्रीवास्तव, आलोक शाह, अंचल यादव, हेमराज कलमकार, मनोज नोरिया, पंकज साहू, अभय तिवारी, संदीप दुबे, बबलू कहार आदि ने एएसपी सुनील कुमार शिवहरे को सौंपी शिकायत में बताया कि स्टेशनगंज स्थित सटोरिये रवि राठौर उसका भाई और रिक्की नाम का एक शख्स लंबे समय से सट्टे का कारोबार कर रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने अपने अवैध व्यापार का विस्तार करते हुए जनपद मैदान, इतवारा बाजार क्षेत्र में पट्टी काटना शुरू किया था। अपने इस अवैध धंधे को संचालित करने के लिए सटोरियों ने कुछ लोगों को फर्जी पत्रकार भी बना रखा था। ये फर्जी लोग विभिन्न मीडियाकर्मियों को प्रलोभन देकर सट्टे को सुचारू करने की बात कह रहे थे। हालांकि शहर के जागरूक पत्रकारों ने मुहिम को बरकरार रखा। जिसके चलते दो-तीन दिन पूर्व कोतवाली पुलिस ने जनपद मैदान में सट्टे के तंबू को उखाड़ फेंका था। इतवारा बाजार में कार्रवाई ने सटोरियों के धंधे बन्द कर दिए थे। इससे तिलमिलाए सट्टे के संरक्षणदाताओं ने एक फर्जी लिस्ट बनाकर नरसिंहपुर न्यूज नाम के व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दी। इसमें मुहिम छेड़े वास्तविक पत्रकारों के नाम लिखे गए थे। पोस्ट में पुलिस को चुनौती देते हुए सटोरिये ने एलान किया था कि उसका सट्टा पत्रकारों के संरक्षण में चल रहा है। सटोरिये यहीं तक नहीं रुका, उसने अपने पालतू फर्जी पत्रकार के जरिये इस लिस्ट को प्रकाशित भी करा दिया। शिकायत के साथ पत्रकारों ने व्हाट्सएप ग्रुप पर डाली गई पोस्ट के स्क्रीन शॉट भी एएसपी को मुहैया कराए।

### पत्रकार बोले हम भी निकलें दोषी तो दर्ज करें अपराध

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे को शिकायत देते वक्त पत्रकारों ने जोर देकर कहा कि लिस्ट में शामिल हर नाम की गंभीरता से जांच कराई जाए। इसमें जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया जाए। उसका सार्वजनिक जुलूस भी निकाला जा सकता है।

### एएसपी ने दिए कार्रवाई के आदेश, प्रकरण को माना गंभीर

सटोरियों और उनके संरक्षण दाताओं द्वारा सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अत्यंत गंभीर माना। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस तरह की पोस्ट लाइन एंड ऑर्डर को खुली चुनौती देने वाली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों की शिकायत लेने के तत्काल बाद स्टेशनगंज थाना प्रभारी अमित दाणी को प्रकरण की जांच का जिम्मा सौंपा। उन्हें स्टेशन गंज के तमाम सटोरियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार करने की बात कही। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर जिस रवि राठौर ने कथित लिस्ट अपलोड की थी उसे पकड़ कर उससे जुड़े और उसे संरक्षण देने वाले लोगों के नाम उगलवाने पर जोर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने भी खुद स्वीकार किया कि लगातार सट्टे के खिलाफ हो रही कार्रवाई से माफिया के लोग घबराए हुए हैं। क्योंकि कहीं ना कहीं उन्हें इससे कुछ मिलता भी है।

### रिटायर्ड पुलिसकर्मी की संतान है रवि राठौर

पत्रकारों की शिकायत के बाद तत्काल रुप से शुरू हुई जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि रवि राठौर नाम का जो शख्स शहरी क्षेत्र में सट्टा को बढ़ावा दे रहा है, वह दरअसल रिटायर्ड पुलिसकर्मी की संतान है। वह और उसका बड़ा भाई स्टेशन गंज के कथित रिक्की के साथ मिलकर अवैध कारोबार को बढ़ाने में लगा है। इसमें उसकी मदद उनके द्वारा स्थापित फर्जी पत्रकार कर रहे हैं। इन फर्जी पत्रकारों और उनके दलालों के नाम भी देर रात तक पुलिस को पता चले गए पुलिस अब इन नामों से जुड़े कारनामों की फाइल बना रही है पुलिस का कहना है कि जल्द ही ऐसे लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा पत्रकारों ने पुलिस अधिकारी को आश्वस्त किया कि अवैध धंधे में शामिल व्यक्ति चाहे फिर वह पत्रकार ही क्यों ना हो उसके खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई में वे पुलिस और प्रशासन का सहयोग करेंगे।

### इन्होंने की व्यक्तिगत शिकायत

पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे को व्यक्तिगत स्तर पर शिकायत देने वालों में पत्रकार अविनाश राव, मनोज नोरिया, अंचल यादव, आनंद श्रीवास्तव, आलोक शाह, हेमराज कलमकार, बबलू कहार, संदीप दुबे, पंकज साहू, अभय तिवारी आदि शामिल है। वही आंचलिक पत्रकार परिषद की ओर से जिला अध्यक्ष अजय खरे, सचिव आशीष खरे ने मुकदमा कायमी के लिए शिकायत दी है।

### दो सटोरिये भूमिगत, एक के गिरफ्तार होने की सुगबुगाहट

पत्रकारों द्वारा सौंपी गई शिकायत के चंद घंटे बाद ही स्टेशन गंज क्षेत्र में सटोरियों की खोजबीन शुरु हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस की खोजबीन से घबराकर दो प्रमुख सटोरिए भूमिगत हो गए हैं। वही रवि नाम के सटोरिए के गिरफ्तार होने की सुगबुगाहट है। स्टेशन गंज थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच जारी है। सटोरियों के ठिकानों की चौकसी की जा रही है इन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### स्पष्टीकरण देते रहे संदिग्ध

पत्रकारों द्वारा सौंपी गई शिकायत के बाद सटोरियों और उनके संरक्षणदाता फर्जी पत्रकारों में हड़कंप की स्थिति रही। शिकायतकर्ताओं और उनसे जुड़े लोगों को रात तक फोन करते रहे। उनसे यह जानने की कोशिश की कि आखिर उन्होंने किन के नाम लिए हैं। इसके साथ ही वे बिना पूछे ही लिस्ट पर अपना स्पष्टीकरण देते नजर आए। उन्होंने यहां तक बताया कि जिन सटोरियों की शिकायत हुई है, उनसे उनकी कब-कब बात हुई है, और वे उनके कितने दूर और पास हैं। बातचीत के तमाम रिकॉर्ड को पुलिस के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# करेली की 3 होटलों से जप्त किये गये थे सिलेंडर

### घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर 9 घरेलू गैस सिलेंडर राजसात

**नरसिंहपुर यभाप्र।** न्यायालय कलेक्टर ने घरेलू गैस सिलेंडर को बिना किसी वैध दस्तावेज के रखने और इनका व्यवसायिक उपयोग करने के 3 मामलों में 9 घरेलू गैस सिलेंडर को शासन के पक्ष में राजसात करने के आदेश दिये हैं। कलेक्टर वेद प्रकाश ने जप्तशुदा गैस सिलेंडर का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये हैं। ये सिलेंडर करेली की 3 होटलों से जप्त किये गये थे। साजिद मंसूरी पिता शेख सरदार होटल सरदारी करेली बायपास से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, समीन अहमद पिता आस अहमद होटल चांद मेवात करेली बायपास से 2 घरेलू गैस सिलेंडर और अल्ताफखान प्रबंधक होटल कृष्णा करेली बायपास से 5 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये थे।

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरणों में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी शिवकुमार पाण्डेय के प्रतिवेदन के आधार पर न्यायालय कलेक्टर ने कार्रवाई शुरू की गई। प्रतिवेदन के अनुसार एक अप्रैल 2021 को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के जांच दल ने उक्त प्रतिष्ठानों की जांच की थी। इन प्रकरणों में अनावेदकों ने स्वीकार किया कि मौके पर जप्तशुदा गैस सिलेंडर के वैध होने के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। इससे प्रमाणित होना पाया गया कि अनावेदक बिना किसी वैध दस्तावेज के घरेलू गैस सिलेंडर को अपने अधिपत्य में रखे हुये थे और इनका व्यवसायिक उपयोग भी किया गया। अनावेदक के इस कृत्य को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत दण्डनीय पाया गया। फलस्वरूप कलेक्टर ने उक्त आदेश जारी किये हैं।

## जिले में 8 अगस्त तक 11 हजार 119 कोरोना मरीज हुये स्वस्थ

**नरसिंहपुर यभाप्र।** जिले में 8 अगस्त तक उपचार के बाद 11 हजार 119 कोरोना संक्रमित मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले का रिकव्हरी रेट 99.28 प्रतिशत है। जिले में 8 अगस्त 2021 को प्राप्त रिपोर्ट में किसी भी व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त नहीं हुई है तथा जिले में एक्टिव कोई भी एक्टिव केस नहीं है। जिले में 8 अगस्त की स्थिति में विगत 24 घंटों में 1001 सैंपल लिये गये थे। जिले में 16 जनवरी 2021 से 8 अगस्त तक 4 लाख 96 हजार 373 नागरिकों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले में अब तक कोरोना संक्रमण से 81 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। जिले में अब तक 2 लाख 28 हजार 614 सैंपल लिए गए, 2 लाख 14 हजार 691 सेंपल की रिपोर्ट नेगेटिव व 2117 की रिपोर्ट रिजेक्ट हुई हैं।

# जिले में हुआ 101 प्रतिशत वैक्सीनेशन



**नरसिंहपुर यभाप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में चलाये जा रहे वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान जिले में सोमवार 9 अगस्त को जिले के 60 टीकाकरण केन्द्रों पर 12 हजार 306 नागरिकों को कोविड 19 का टीका शाम 7 बजे तक लगाया जा चुका था। शासन द्वारा 9 अगस्त को जिले को 12 हजार 150 वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिले में सोमवार को 101.28 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया गया। जिले में अब तक वैक्सीन की 5 लाख 15 हजार 950 डोज लग चुकी हैं। इनमें से 4 लाख 36 हजार 678 लोगों को वैक्सीन की एक डोज और 79 हजार 272 को दो डोज लग चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि सोमवार 9 अगस्त को जिले में दोपहर 12 बजे तक 2 हजार 313 लोगों को, एक बजे तक 4 हजार 308 लोगों को, दोपहर 2 बजे तक 7 हजार 139 लोगों को, अपरान्ह 3 बजे तक 9 हजार 742 लोगों को, अपरान्ह 4 बजे तक 11 हजार 209 लोगों को, शाम 5 बजे तक 11 हजार 762 लोगों को, शाम 6 बजे तक 12 हजार 126 लोगों को और शाम 7 बजे तक 12 हजार 306 लोगों को वैक्सीन लग चुकी थी, जो लक्ष्य का 101.28 प्रतिशत था।

## किशोर राय बने उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश महामंत्री

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत दिवस सीहोर में आयोजित कार्यक्रम के दौरानं मदन परमालिया इंदौर प्रदेश अध्यक्ष अ भा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने किशोर राय तेंदूखेड़ा को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। इस मौके पर महामंडलेश्वर संतोषनंद जी हरिद्वार, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति अर्चना जायसवाल, राकेश राय, जयनारायण चौकसे सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में यह घोषणा की गई।



# 54 बल्क लीटर शराब और एक मोटर साईकिल राजसात

### बाईक के बीच में प्लास्टिक की बोरी में रखे थे 54 बल्क लीटर शराब

**नरसिंहपुर यभाप्र।** न्यायालय कलेक्टर ने अवैध शराब परिवहन के एक मामले में जप्तशुदा 54 बल्क लीटर शराब और काले रंग की बजाज डिस्कवर मोटर साईकिल वाहन क्रमांक एमपी 49 एमई 2004 शासन पक्ष में राजसात करने का आदेश दिया है। यह आदेश मध्यप्रदेश आबकारी संशोधन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। कलेक्टर वेद प्रकाश ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि उक्त वाहन एवं शराब का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित कर अवगत करायें।

उल्लेखनीय है कि पुलिस थाना ठेमी के प्रतिवेदन के अनुसार अजय पिता ज्ञान सेन निवासी ग्राम बौछार थाना ठेमी को 26 मार्च 2021 को एक मोटर साईकिल के बीच में प्लास्टिक की बोरी में 54 बल्क लीटर शराब रखे मिले, उनके पास शराब क्रय एवं परिवहन संबंधी कोई दस्तावेज परमिट नहीं मिले। इससे मदिरा एवं वाहन जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों से यह प्रमाणित होना पाया गया कि जप्तशुदा शराब अवैध है, जो उक्त वाहन से परिवहन की जा रही थी। फलस्वरूप कलेक्टर ने उक्त आदेश जारी किया है।

# 201 व्यक्तियों पर लगा 17 हजार 630 का जुर्माना

### 226 लोगों को मास्क का नि: शुल्क वितरण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर रोको-टोको अभियान के तहत कलेक्टर वेद प्रकाश ने कोरोना संक्रमण की प्रभावी रोकथाम के लिए अधिकारियों को क्षेत्र का लगातार भ्रमण करने और कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि लोगों को मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रेरित किया जावे। इस बारे में जागरूकता बढाई जावे।

इस अवधि इसी क्रम में जिले के 8 नगरीय निकायों में सोमवार 9 अगस्त को 226 लोगों को मास्क का निरूशुल्क वितरण किया गया। साथ ही 8 नगरीय निकायों में मास्क नहीं लगाने पर 201 व्यक्तियों पर 17 हजार 630 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस अवधि में मास्क नहीं लगाने पर नगरीय निकाय क्षेत्र नरसिंहपुर में 4 व्यक्तियों पर 180 रूपये, गाडरवारा में 38 व्यक्तियों पर 3550 रूपये, करेली में 12 व्यक्तियों पर 1150 रूपये, गोटेगांव में 6 व्यक्तियों पर 120 रूपये, तेंदूखेड़ा में 15 व्यक्तियों पर 750 रूपये, चीचली में 4 व्यक्तियों पर 200 रूपये इस सांईखेड़ा में 9 व्यक्तियों पर 780 रूपये तथा नगर परिषद सालीचौका में 8 व्यक्तियों पर 400 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा 105 व्यक्तियों पर 10 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा नगरीय निकाय नरसिंहपुर में 180, गाडरवारा में 50, करेली में 45, गोटेगांव में 45, तेंदूखेड़ा में 30, चीचली में 3, सांईखेड़ा में 12 व सालीचौका में 20 लोगों को मास्क का नि:शुल्क वितरण किया गया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**नरसिंहपुर यभाप्र।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गये हैं। प्रथम चरण की काउंसलिंग में 10वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन ब्रांच में 10वीं के प्रतिशत के आधार पर और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र- छात्राएं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में 10 अगस्त से 24 अगस्त 2021 तक प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर डॉ. बीएम बघेल ने दी हैं। प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी घर बैठे मोबाइल या कम्प्यूटर से अपना पंजीयन करा सकते हैं। वे अपनी पसंद की संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयनकर लॉक कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया में कोई समस्या आने पर विद्यार्थी पॉलिटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर में पहुंचकर प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं।

# नवोदय विद्यालय बोहानी में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा कल

**नरसिंहपुर यभाप्र।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2021. 22 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2021 की तिथि का पुनर्निर्धारण कर बुधवार 11 अगस्त 2021 कर दिया गया है। उन्होंने सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों से कहा है कि वे चयन परीक्षा की पुनर्निर्धारित तिथि के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रवेश पत्र में दिये गये परीक्षा केन्द्र पर इसे प्रस्तुत करें। उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश पत्र में दिये गये कोविड प्रोटोकॉल संबंधी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### चीचली विकासखंड के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र स.हा. से. स्कूल गाडरवारा में रहेगा

प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी ने बताया कि चीचली विकासखंड के केन्द्र क्रमांक 3 के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल गाडरवारा रहेगा।

उल्लेखनीय है कि कक्षा 6 वीं की चयन प्रवेश परीक्षा के चीचली ब्लाक के केन्द्र क्रमांक 3 का नाम त्रुटिवश सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल निवारी, गाडरवारा अंकित हो गया है। इस कारण से चीचली विकासखंड के जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का नाम सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल निवारी, गाडरवारा जिला नरसिंहपुर त्रुटिवश अंकित हो गया है, उनसे अपेक्षा की गई है कि वे परीक्षार्थी कल 11 अगस्त को नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल गाडरवारा में ही अपनी उपस्थिति दें, न कि निवारी गाडरवारा में।

# गेम खेलने मना किया तो पत्नी सहित दोनों बच्चे घर से भागे



**नरसिंहपुर यभाप्र।** आज कल मोबाइल संस्कृति इतनी बढ़-चढ़ कर बोल रही है कि बच्चों में मोबाइल के प्रति लगाव और बड़े बुजुर्गो द्वारा कही जाने वाली बात को अनसुना कर बात बात में चिड़चिड़ापन देखने को मिल रहा है। इसका प्रभाव छोटे छोटे बच्चों पर कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। ऑनलाइन पढ़ाई के चक्कर में बच्चों ने गलत दुरुपयोग प्रारंभ कर दिया है, जिसके घातक परिणाम भी समाज में देखने को भी मिल रहें हैं। ऐसा ही एक मामला समीपी ग्राम रम्पुरा में सामने आया है। जहां एक पिता द्वारा अपने बच्चों को मोबाइल चलाने मना किया तो बात इतनी ज्यादा बिगड़ गई कि बच्चों सहित मां से भी कहा सुनी हो जाने पर घर से बिना बताए चले गये। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रम्पुरा टोला निवासी राकेश पिता रज्जू हरिजन के एक 13 वर्षीय पुत्र दुर्गेश एवं एक 15 वर्षीय पुत्र राजुल घर में ही ऐनड्राइव मोबाइल चला रहे थे। उनके पिता राकेश ने घर का ही कुछ काम करने की कहते हुए मोबाइल चलाने के लिए मना किया तो बच्चों ने अनसुना कर दिया। इसी बीच बच्चों की मां मायाबाई से इसी विषय को लेकर पति राकेश से कहा सुनी हो जाने पर मां सहित दोनों बच्चे बिना बताए 4 अगस्त को सुबह सुबह कहीं अन्यत्र चले गये है। 3-4 दिन राकेश अपने स्तर से पत्नी एवं बच्चों का पता लगाने खोज बीन करता रहा जब तीनों का पता नहीं लगा तो अपनी लिखित शिकायत पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में दर्ज कराई है।

# मानवता इंसानियत ही धर्म है

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** धर्म के प्रति रूचि हो तो वह व्यक्ति सज्जन होता है मानवता इंसानियत ही धर्म है, दूसरों के कष्टों को दूर करना, सेवा, भलाई करना, नेक कार्यों में लगे रहना ही धर्म है ,अपनी आत्मा के अनुसार समस्त प्राणी मात्र से व्यवहार करे , जैसा अपने लिए हम स्वयं चाहते है। धर्म करने वाला धार्मिक तथा संस्कारवान होता है। धर्म के लिए कोई विशेष चिह्नों का वर्णन नहीं किया गया है। जो व्यक्ति अपने कर्मो के प्रति ईमानदारी के साथ साथ हमारी संस्कृति और आचार विचार के प्रति सजग रहता है वह धार्मिकता की श्रेणी में आता है। श्री सदगुरू देव भगवान कहते हैं कि लोग धर्म को नहीं समझ पाए ,चिह्नों को लेकर झगड़ा हो रहे हैं ,हमने झगडे इतने बढ़ा दिए है कि ,तिलक के हिसाब से अलग अलग पंथ भक्त मान लिए हैं, अपने विचारों में परिवर्तन लाएं, धर्म के प्रति सच्ची निष्ठा व समर्पण रखें, धर्म के मार्ग पर चलें। उक्त अमृत संदेश रावतपुरा सरकार ने अपने चार्तमास कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये।



# मनीषा राय बनी प्रदेश इकाई अध्यक्ष



**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** विगत दिनों सीहोर जिले में संपन्न हुए राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रादेशिक सम्मेलन के दौरान नरसिंहपुर जिले में सेवाभावी गतिविधियों एवं सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली श्रीमति मनीषा राय को समाज की प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। यह उनकी सक्रीयता के चलते देश के विभिन्न क्षेत्रों से पंहुचे समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारियों के द्वारा निर्णय लिया गया है। इस मौके पर महामंडलेश्वर संतोष आनंद देव जी महाराज श्रीमती अर्चना जायसवाल राष्ट्रीय संयोजक, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जयनारायण चौकसे, पंकज चौकसे राष्ट्रीय संगठन मंत्री, शंकरलाल राय, मदन परमालिया राजकुमार जयसवाल श्रीमती हर्षिता जयसवाल प्रीति गुप्ता सुमित्रा देवी जयसवाल राकेश राय प्रमुख रूप से उपस्थित थे। भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुये इस बृहद कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत सम्मान से प्रारंभ हुई। समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।



# जगह-जगह हुए अभिषेक एवं रामायण पाठ का आयोजन

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर जगह जगह भगवान भोलेनाथ का शिव अभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। तथा श्रद्धालुओं द्वारा अखंड रामायण पाठ एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भगवान शूलपांणेश्वर मंदिर में भी अभिषेक कार्यक्रम दिनभर जारी रहा। वहीं पं. चंद्रकांत चौबे द्वारा संचालित सद्गुरू वेद विद्यापीठ में चल रहे गायत्री महापुश्चरण कार्यक्रम के दौरान यज्ञ पूजन किया गया। जिसमें सभी वर्गो के लोगो ने भाग लिया। उक्त विद्या पीठ में नगर के ब्राम्हण कुल में जन्में बच्चों को नि:शुल्क वेद ज्ञान दिया जा रहा है।

# शहीदों के स्मारक पर मनाया आदिवासी दिवस

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** गत दिवस विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले गोंड राजा शहीद राजा डेलन शाह नरवर शाह के शहीद स्थल ग्राम ढिलवार में अखिल भारतीय राजगोंड महासभा के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीपल बरगद नीम एवं चंदन के पौधे लगाए गऐ। कार्यक्रम कि अध्यक्षता दीवान नागेंद्र शाह द्वारा की गई। इस अवसर पर राजगोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा. रामकुमार सिंह जिला अध्यक्ष संदीप कुमार ठाकुर हरिशंकर कोरचे रामकृष्ण कोरचे प्रहलाद सिंह ठाकुर दिगम्बर सिंह प्रेमसिंह बाबूलाल आनंद सिंह ठाकुर उमाशंकर संदीप ठाकुर कमल ठाकुर सहितं बड़ी संख्या में स्वजातीय नागरिक उपस्थित थे।

# 7 अगस्त को देश भर में हर साल होगी भाला फेंक प्रतियोगिता

### एथलेटिक्स संघ ने किया ऐलान





नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स संघ ने एक बड़ा ऐलान किया है और कहा है कि अगले साल से देश के हर जिले में 7 अगस्त को भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एथलेटिक्स में भारत को ओलिंपिक में पहला गोल्ड मेडल जिताने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के सम्मान के रूप में ये फैसला किया गया है। टोक्यो ओलिंपिक में 7 अगस्त को ही नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था।भारतीय एथलेटिक्स संघ ने नीरज चोपड़ा समेत उन सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया, जिन्होंने टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन किया। दिल्ली में आयोजित हुए एथलेटिक्स संघ के इस कार्यक्रम में चक्का फेंक एथली कमलप्रीत कौर, ललित भनोट, स्वर्ण पदक विजेता भारता फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और पूर्व एथलीट अंजू बाबी जॉर्ज भी शामिल थीं। इसी दौरान हर साल होने वाली भाला फेंक प्रतियोगिता का ऐलान भी किया गया। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने बताया, नेशनल खेलने के बाद जब मुझे नेशनल कैंप में लिया गया तो उसका फायदा मुझे मिला, क्योंकि पहले हम खुद खाना बनाते थे और कैंप में सब कुछ बेहतर मिलने लगा। उसके बाद सब बदलता चला गया। अच्छी सुविधाएं मिलीं और उसके बाद सब बदल गया।टोक्यो ओलिंपिक में मिले गोल्ड मेडल के बारे में बात करते हुए नीरज चोपड़ा ने कहा,जब मैंने गोल्ड जीता तो लगता था कि मैंने ये कैसे कर दिया। विश्वास नहीं होता था। फिर मैं अपना गोल्ड मेडल देखता था तो खुद से कहता था ये तो मेरे पास ही है। उन्होंने आगे कहा, अब हमारा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप का पदक जीतने का है, जो हमारे लिए एथलेटिक्स में अंजू बाबी जार्ज ने जीता है। एक पदक जीतने के बाद रुकना नहीं चाहिए। मैं अब और पदक जीतने की कोशिश करूंगा।टोक्यो में अपनी स्पर्धा में अपने आखिरी थ्रो को लेकर नीरज ने कहा,शुरुआत में दो थ्रो बहुत अच्छे गए। फिर बीच में कई थ्रो खराब गए। आखिर वाले थ्रो से पहले मुझे पता था कि मैं स्वर्ण जीत चुका हूं। ऐसे मैं बहुत तल्लीन रहता था, लेकिन उस थ्रो से पहले मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था और बस मैंने थ्रो फेंक दिया, लेकिन वह थ्रो अच्छा गया।उन्होंने आगे कहा, कोच हान के साथ जितना काम किया, उनका मैं आदर करता हूं। हालांकि, उनकी तकनीक से बेहतर मुझे कोच क्लाज की तकनीक लग रही थी, इसलिए मैंने क्लाज के साथ ट्रेनिंग करने का फैसला लिया। वह बहुत अनुभवी हैं, जिसका मुझे फायदा मिला। वहीं, डोप टेस्ट को लेकर उन्होंने बताया, 卐डोप टेस्ट तो होता ही है। जब स्वीडन से टोक्यो गए तो लगातार सुबह तीन दिन जल्दी डोप टेस्ट लिया गया तो उससे थोड़ा परेशानी हुई। बाद में नींद लेकर मैं इसकी रिकवरी करता था।90 मीटर भाला फेंकने का लक्ष्य लेकर टोक्यो गए नीरज चोपड़ा ने कहा, मेरी 90 मीटर थ्रो फेंकने की तैयारी इस बार थी। जेवलिन थोड़ी टेक्निकल है। मैं इसके आसपास था। इस बार सोच रहा था कि कर दूंगा। 90 मीटर थ्रो फेंकना मेरा सपना है, जिसे मैं जरूर पूरा करूंगा। जेवलिन थ्रो डे को लेकर उन्होंने कहा,7 अगस्त को एथलेटिक्स फेडरेशन जेवलिन थ्रो डे मनाएगी। यह ऐतिहासिक है कि संघ ने मेरी उपलब्धि को याद करने के लिए ये तरीका अपनाया। मैं बेहद खुश हूं।










# अपनी बायोपिक अक्षय कुमार या रणदीप हुड्डा में से किसी एक को देखना चाहते हैं नीरज चोपड़ा

### गोल्ड जीतने से पहले ही जताई थी इच्छा

नई दिल्ली। 2020 में स्वर्ण पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित करने वाले नीरज चोपड़ा इन दिनों खूब छाए हुए हैं। जब से नीरज ने भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीता है तभी से उनकी जीत के चर्चे हो रहे हैं। इसी बीच अब नीरज चोपड़ा की बायोपिक बनाने की बातें भी होने लगी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नीरज चोपड़ा खुद अपनी बायोपिक में किस अभिनेता को काम करता देखना चाहते हैं? नहीं जानते ! तो हम आपको बताते हैं.... दरअसल नीरज चोपड़ा बहुत पहले ही इस बारे में बता चुके हैं कि यदि उनकी बायोपिक बनती है तो वो उसमें किस अभिनेता को देखना पसंद करेंगे। इसके लिए नीरज ने दो अभिनेताओं को चुना है और वो चाहते हैं कि इन दोनों में से ही कोई एक उनकी बायोपिक में नीरज चोपड़ा बनकर दर्शकों के सामने आए। साल 2018 में जब नीरज चोपड़ा देशभर में इनते मशहूर नहीं थे उस समय उन्होंने एक वेब पोर्टल को इंटरव्यू दिया था। इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इच्छा जताई थी कि यदि भविष्य में कभी उनकी बायोपिक बॉलीवुड में बनती है तो वो उसमें अक्षय कुमार या रणदीप हुड्डा में से किसी एक को देखना चाहें। उनके मुताबिक ये बहुत ही अच्छा होगा कि उनकी बायोपिक बने और उसमें इन दोनों में से कोई एक अभिनेता उनका किरदार निभाए।वहीं इस बारे में अक्षय कुमार ने भी हाल ही में अपनी प्रतिक्रिया दी है। अक्षय ने हाल ही में ईटाइम्स को इंटरव्यू देते हुए कहा कि, %वो खुद एक बहुत अच्छे दिखने वाले शख्स हैं। अगर मेरी कभी बायोपिक बने तो मैं चाहता हूं कि उन्हें उसमें काम करना चाहिए।% बता दें कि नीरज चोपड़ा की जीत के बाद से ही कुछ मीम्स भीबनाए जा रहे हैं। जिसमें अक्षय कुमार को ही उनकी बायोपिक के लिए परफेक्ट बताया जा रहा है।





# करीना कपूर ख़ान बन गयीं प्रोड्यूसर, एकता कपूर के साथ किया थ्रिलर फ़िल्म का एलान,

नई दिल्ली। करीना कपूर ख़ान अपने फ़िल्मी करियर में एक नयी पारी शुरू कर रही हैं। इंडस्ट्री में बतौर एक्ट्रेस 20 साल से अधिक बिताने के बाद करीना अब प्रोड्यूसर बन रही हैं। यह एक थ्रिलर फ़िल्म है, जिसका निर्देशन हंसल मेहता करेंगे। बेबो, एकता कपूर के साथ फ़िल्म को को-प्रोड्यूस कर रही हैं। फ़िल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया गया है।करीना ने इस नई शुरुआत के मौक़े पर जारी एक स्टेटमेंट में कहा- एकता के साथ इस फ़िल्म में एक निर्माता के रूप में काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं हंसल की फ़िल्मों की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और उनके साथ पहली बार काम करना खास होगा।इस फिल्म में बहुत कुछ पहली बार है और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए और इंतज़ार नहीं कर सकती।हंसल मेहता ने कहा- इस फ़िल्म के ज़रिए हमारा उद्देश्य करीना के साथ एक ताज़ा, मनोरंजक और मूडी थ्रिलर बनाना है, जिसमें मुझे उम्मीद है कि करीना एक अभिनेता के रूप में अपनी अपार प्रतिभा के साथ न्याय करेंगी। मैं एकता और करीना के साथ इस सफ़र पर निकलने के लिए उत्सुक हूं, दोनों ने अपने-अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है और निस्संदेह दोनों पॉवरहॉउस हैं। इस फ़िल्म में करीना मुख्य किरदार में भी नज़र आएंगी। फ़िल्म के बारे में बताया जाता है कि यह एक सच्ची जीवन घटना से प्रेरित है और कहानी यूके में स्थापित है और जल्द ही शूटिंग शुरू की जाएगी। करीना ने इंस्टाग्राम पर एकता और हंसल के साथ एक फोटो पोस्ट करके नयी शुरुआत के बारे में जानकारी दी है। करीना, कपूर खानदान की पहली बेटी हैं, जो फ़िल्म निर्माण से आधिकारिक तौर पर जुड़ रही हैं।यहां बताते चलें, हंसल मेहता निर्देशित फ़राज़ से करीना के कज़िन और शशि कपूर के पोते ज़हान कपूर डेब्यू कर रहे हैं। करीना ने फ़िल्म का फ़र्स्ट लुक मोशन पोस्टर शेयर करके ज़हान को बधाई दी थी।एकता कपूर ने बेबो के साथ इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा- %%करीना कपूर ख़ान स्टार पावर और टैलेंट का डायनामाइट कॉम्बिनेशन हैं। पिछली बार वीरे दी वेडिंग में उनके साथ काम किया था, जो शायद किसी फीमेल स्टार की सबसे बड़ी हिट थी। हमारे समय के सबसे बेहतरीन फ़िल्म निर्देशकों में से एक हंसल मेहता द्वारा यह कहानी बताना इसे और अधिक रोमांचक बनाता है।करीना, एकता निर्मित फ़िल्म वीरे दी वेडिंग में लीड रोल निभा चुकी हैं। तैमूर के जन्म के बाद करीना की इस फ़िल्म के साथ बड़े पर्दे पर वापसी हुई थी। अब दूसरे बेटे जेह के जन्म के बाद करीना की एक बार फिर एकता की फ़िल्म से ही वापसी हो रही है। करीना कपूर ख़ान इससे पहले आमिर ख़ान के साथ लाल सिंह चड्ढा में नज़र आएंगी।





# पति राज कुंद्रा की गिरफ्तारी के बाद पहली बार लाइव होंगी शिल्पा शेट्टी!

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और बिज़नेसमैन राज कुंद्रा इस वक्त लगातार सुर्खियों में बने हैं। राज पर अश्लील फिल्में बनाने और उसे मोबाइल ऐप पर अपलोड करने का मामला दर्ज है। इसी मामले को लेकर राज इस वक्त जेल में हैं। राज ?कुंद्र की गिरफ्तारी के बाद शिल्पा शेट्टी उनके परिवार को लगातार ट्रोल भी किया जा रहा है। जहां कई फैंस और स्टार्स उनके साथ खड़े नजर आए तो कई उनके खिलाफ अपना रिएक्शन दे रहे हैं। वहीं हाल ही में उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी ने भी चुप्पी तोड़ते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। इसी बीच अब राज की गिरफतारी के बाद पहली बार पब्लिक अपीयरेंस यानी लोगों के सामने आने वाली हैं।

वी फॉर इंडिया के जरिएए आएंगी सामने

की खबर के अनुसार शिल्पा शेट्टी 15 अगस्त को %वी फॉर इंडिया% के जरिए फेसबुक लाइव होंगी। शिल्पा के साथ इस लाइव शो कैंपेन में अर्जुन कपूर, विद्या बालन, दीया मिर्जा, करण जौहर, परिणीति चोपड़ा, सैफ अली खान, सारा अली खान और स्टीवन स्पीलबर्ग संगीतकार ए आर रहमान, रोलिंग स्टोन्स के मिक जैगर, गायक-गीतकार एड शीरन जैसे दिग्गज कलाकार भी शामिल रहेंगे। शिल्पा पति राज कुंद्र के गिरफतारी के बाद अपने डांस रिएलिटी शो %सुपर डांसर% में भी नजर नहीं आईं हैं। वहीं अब वह पहली बार %वी फॉर इंडिया% के जरिए लाइव होंगी। बता दें कि इस शो के जरिए जो भी धनराशि जुटाई जाएगी उसे कोविड-19 राहत मिशनों के लिए दिया जाएगा। इस धनराशि का इस्तेमाल आक्सीजन कंसंट्रेटर्स , वेंटिलेटर, आवश्यक दवाएं और आईसीयू यूनिट जैसी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

शिल्पा के बेटे ने पोस्ट की थीं तस्वीरें

आपको बता दें कि हाल ही में शिल्पा के बेटे वियान राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वियान राज कुंद्रा भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वियान भी अपने माता- पिता, बहन और अन्य परिवार के सदस्यों के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते हैं। हाल ही में वियान राज कुंद्रा ने अपनी मां शिल्पा शेट्टी के साथ अच्छा वक्त बिताते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की ?थीं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं।

## बजबजाती पत्रकार कालोनी, गंदगी का अंबार, वाह रे नगर निगम



**जबलपुर, यशभारत।** स्वच्छता अभियान के जोर-शोर से प्रचार करने के बाद भी संस्कारधानी की तस्वीर नहीं बदली। रानीताल से पत्रकार कॉलोनी के लिए जाने वाले में रास्ते में फैली गंदगी और सुअरों ने शहर की साफ-स्वच्छ तस्वीर पर दाग लगा दिया है। खास बात यह है कि इस स?क में भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय भी उसके आसपास भी गंदगी का आलम है। कार्यालय के पास की स्याह तस्वीर है। जो यह बताने के लिए काफी है कि जब कार्यालय के पास की यह सच्चाई है तो शहर और फिर गांवों का क्या हाल होगा। शहर में स्वच्छता का ढिढौंरा पीटकर, लाखों रुपए की होली खेली गई। लेकिन अभियान कागजों तक ही सीमित रहे।

### तिलवारा में जघन्य हत्याकांड से सनसनी, पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा, डम्पर किया जब्त

# थाने में शिकायत की तो दबंगों ने डम्पर से कुचला

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा थाना अंतर्गत आपसी रंजिश के चलते युवक के ऊपर डम्पर चढ़ाकर मौत के घाट उतारने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवारजन दबंगों के कहर के बाद पुलिस के पास रिपोर्ट लिखाकर लौट रहे थे, लेकिन इस बात से आग बबूला हुए दबंगों ने सुभम कुशवाहा के ऊपर डम्पर चढ़ाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

पीड़ितों ने बताया कि आरोपी दबंग पंद्रे परिवार के है और दारु का अवैध व्यापार करते है। जिसके विरोध के फलस्वरुप युवक की जान चली गयी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर, डम्पर जब्त कर लिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। तिलवारा पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आपसी रंजिश के चलते सुभम कुछवाहा अपने परिवारजनों के साथ तिलवारा थाने पहुंचकर दबंगों के खिलाफ शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, मामला जाचं में लिया था। लेकिन पुलिस को भी इसका अंदेशा नहीं था कि दबंग पंद्रे परिवार इस बात से बौखलाकर पीड़ितों के ऊपर हमला कर देगा।

#### डीपीएस स्कूल मोड़ के पास हुई वारदात

तिलवारा पुलिस के मुताबिक वारदात चूल्हागोलाई स्थित डीपीएस स्कूल मोड़ के पास की है। युवक नारायणपुर गांव निवासी शिवम कुशवाहा (26) पिता भगवानदास और मां अनीता कुशवाहा की इकलौती संतान थी।

#### शराब पीकर आरोपी घर के पास कर रहे थे हंगामा

शिवम कुशवाहा के चचेरे भाई अमित कुशवाहा ने शिकायत दर्ज



मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

कराई है। आरोप लगाया आरोपी अन्नी पांद्रो, मिलन, राजेश, सुनील, मम्मा शिवम के घर के सामने शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। आरोपी कच्ची शराब और रेत का अवैध कारोबार करते हैं। शिवम ने आरोपियों को घर के सामने हंगामा करने पर टोका था। इसी बात को लेकर आरोपियों का उससे विवाद हुआ था। एक महीने पहले भी आरोपियों से उसका विवाद हुआ था।

#### हत्या करने की दी थी धमकी

शिवम का सुनील और उसके मामा से शक्ति ढाबा के सामने विवाद हुआ था। आरोपी ने विवाद के दौरान मारने की कोशिश करते हुए हत्या करने की धमकी दी थी। इसी विवाद की तिलवारा थाने में शिकायत करने शिवम कुशवाहा चचेरे भाई अमित कुशवाहा, विपिन कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, मोहन पटेल, सुजीत कुशवाहा के साथ गया था। पुलिस ने उसकी शिकायत दर्जकर ली थी।

#### थाने से लौटते समय चढ़ाया डंपर

तिलवारा थाने में एफ आईआर दर्ज कराने के बाद सभी घर लौट रहे थे। डीपीएस स्कूल मोड़ के पास अन्नी पंद्रो डंपर एमपी 53 जीए 1066 स्टार्ट किए खड़ा था। साथ में राजेश पंद्रो, मिलन पंद्रो, सुनील पंद्रो और उनके साथ रहने वाला मम्मा लाठी-डंडे लिए खड़े थे। चारों ने अन्नी को डंपर चढ़ाने के लिए ललकारा। अन्नी ने तेजी से डंपर चलाते हुए शिवम को कट मारकर गिरा दिया। उसके साथ के अन्य युवक भाग कर किसी तरह खुद की जान बचाई। अमित, विपिन व सचिन मिलकर अभी शिवम को उठा ही रहे थे कि अन्नी ने डंपर तेजी से रिवर्स किया और शिवम के ऊपर चढ़ा दिया। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। तिलवारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

#### दो आरोपी हिरासत में

टीमों के द्वारा पताशाजी कर दबिश देते हुए राजेश पंन्द्रो उम्र 30 वर्ष एवं मिलन पंन्द्रो उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी नारायणपुर तथा डम्फ र को अभिरक्षा में लेते हुए फ रार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों के द्वारा पताशाजी करते हुए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।



### रिश्ते के दामाद को बनाया पति

# महिला को पूर्व पति ने चाकू से गोदा

### तीनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के भेड़ाघाट में एक अनोखा मामला सामने आया है। एक सिरफिरे युवक ने अपनी पूर्व पत्नी की शादी बहन के देवर (दामाद) से होने पर उसकी चाकुओं से गोदकर हत्या करने की कोशिश की। वह अपने साथियों के साथ पत्नी के घर पहुंचा और सबके सामने पूर्व पत्नी को घर से बाहर निकाला उस पर चाकू से कई वार कर फरार हो गया। मरणासन्न हालात में महिला को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालात गंभीर बनी हुई हैं।

भेड़ाघाट पुलिस के मुताबिक छेड़ी निवासी काजल अहिरवार (22) की शादी मार्च 2020 में घुंसौर निवासी रामकेश अहिरवार के साथ हुआ था। रामकेश शराब पीने का आदि निकला। वह अक्सर उसके साथ शराब पीकर मारपीट करता था। परेशान होकर काजल ने रामकेश को छोड़ दिया था। तीन महीने पहले उसने ग्राम छेड़ी निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार जो रिश्ते में महिला का दामाद के साथ मंदिर में शादी कर ली। वह उसी के साथ रह रही है। इसी की रंजिश उसका पूर्व पति रामकेश अहिरवार रखता था।

#### कमरे में सो रही थी महिला

महिला ने पुलिस को बताया कि वह कमरे में सो रही थी तभी उसका पूर्व पति अपने दो साथियों के साथ घर पहुंचा और उसे घसीटकर बाहर ले आया इसके बाद कहने लगा कि अगर तू मेरी नहीं हुई तो किसी की नहीं होगी। लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी।

#### आरोपी के साथियों ने महिला के दोनों हाथ पकड़े

रामकेश उसके कमरे में घुस गया और उसे घसीटकर बाहर वाले कमरे में आया। काजल के मुताबिक कमरे में खड़े विनोद और ऋषि ने उसे पकड़ लिया और रामकेश ने चाकू से गले पर जानलेवा वार कर दिया। इसके बाद तीनों धमकी देते हुए बाइक से भाग गए थे। मेडिकल में भर्ती काजल के बयान के आधार पर भेड़ाघाट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व एससी-एसटी का प्रकरण दर्ज किया था। भेड़ाघाट पुलिस के मुताबिक प्रकरण में रामकेश अहिरवार, विनोद बर्मन व ऋषि बर्मन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त चाकू और बाइक भी जब्त कर लिए हैं।

# मेडिकल की व्यवस्थाएं चरमराई

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे हो चुकी है। मरीज के परिजनों को दवा के लिए घंटों इंतजार करना प? रहा है। हद तो तब हो गई जब आज मंगलवार को 10 बजे खुलने वाला दवा काउंटर 12 बजे तक नहीं खुला। मरीज के परिजनों की लंबी कतारें बता रही थी कि उन्हें मेडिकल से दवा लेने में कितनी परेशानियों का करना पड़ता है।

रोजाना 12 के बजे खुलते काउंटर

मेडिकल अस्पताल में मरीज रोजाना दवा के लिए भटकते नजर आते हैं। कुछ परिजन ऐसे भी रहते हैं जो दवा पाने के लिए मेडिकल के ब? अधिकारियों के यहां तक पहुंच जाते हैं लेकिन वहां से दुत्कार भगा दिया जाता है। मरीज के परिजनों ने बताया कि दवा काउंटर रोजाना 12 के बाद खुलता है। जबकि खुलने का समय 10 बजे का है।



सुबह 10 बजे खुलने वाला दवा काउंटर दोपहर12 बजे तक नहीं खुलता

#### शिकायत करने पर देख लेने की धमकी मिलती है

प्रयाग जनसशक्ति पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक पाठक ने बताया मेडिकल में 4 दवा काउंटर है लेकिन कोई भी समय पर नहीं खुलता है। यहां तैनात कर्मचारी अपनी मर्जी के मालिक है। 12 बजे के बाद काउंटर खोलकर मरीज के परिजनों को परेशान किया जा रहा है। जो दवा मरीज को 11 बजे मिलनी चाहिए वो 2 बजे तक नहीं मिल पाती है। घंटों लाइन में ख? होने के बाद परिजनों को दवा नसीब हो पाती है। हैरानी तो इस बात पर है कि अगर कोई इसकी शिकायत करता है जो देख लेने की धमकी दी जाती है। इससे कोई भी शिकायत नहीं करता है।



# कटंगी पेट्रोल पंप में लूट

### चाकू लहराते हुए कैशियर को पीटा, 5500 रुपए लेकर फरार

जबलपुर, यशभातर। कटंगी थाना अंतर्गत कुसली पेट्रोल पंप में कैशियर से देर रात बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने 5500 रुपए की लूट कर, जमकर मारपीट की और मौके से फरार हो गए। वारदात होने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं, मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। जानकारी अनुसार देर रात कुसली पेट्रोल पंप में दो बाइक में 6 युवक नकाब बांधकार, चाकू लहराते हुए पहुंचे और पंप कर्मियों से गालीगलौच करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो कैशियर देवेन्द्र मिश्रा से जमकर मारपीट की और उनकी जेब में रखे 5500 रुपए लेकर, जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

#### सीसीटीव्ही में कैद हुई तस्वीरें

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वारदात की पूरी तस्वीरें सीसीटीव्ही में कैद है। पुलिस लुटेरों की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। साथ ही क्षेत्र के निगरानीशुदा बदमाशों को भी थाने में हाजरी लगाने बुलाया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस को शक है कि पुराने बदमाशों ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है।

#### कटंगी की ओर भागे लुटेरे

पुलिस ने बताया कि लूटकांड की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी एकत्रित होकर कटंगी रोड की तरफ भागे। पुलिस ने आज प्रारंभिक पड़ताल के दौरान अनेक संदिग्धों को दबोचकर, मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस को शक है कि युवकों के साथ मिलकर किसी पुराने खिलाड़ी ने ही इस पूरे घटनाक्रम की योजना बनाई है। जिसके बाद पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# यात्री के हाथ में डंडा मारकर गिराते थे मोबाइल

**जबलपुर यश भारत।** ट्रेन में सफर के दौरान गेट पर खड़े होकर मोबाइल से बात करना एक यात्री को बहुत महंगा पड़ा। जब वह अपने किसी परिचित से मोबाइल पर बात कर रहा था इसी दौरान एक बदमाश ने उनके हाथ में डंडा मारकर मोबाइल नीचे गिरा दिया और उसका दूसरा साथी मोबाइल लेकर फरार हो गया बाद में इस घटना की शिकायत जीआरपी में दर्ज कराई गई। जीआरपी ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 50 हजार रुपए के तीन मोबाइल जप्त कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रेल सुनील कुमार जैन के निर्देशन पर 15 अगस्त को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अधीनस्थ सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ट्रेन स्टेशन एवम सर्कुलेटिंग एरिया में कोई व्यक्ति संदिग्ध नजर आता है तो उससे पूछताछ करने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाए इसी के चलते जीआरपी को यह एक बड़ी सफलता हाथ लगी है उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सुनील नेमा के नेतृत्व में एस आई एलपी कश्यप महिला आरक्षक आकांक्षा सिंह प्रधान आरक्षक सुशील सिंह एवं आरक्षक मनोज मिश्रा द्वारा की गई। इस घटना के संबंध में जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जुलाई 2021 को ओमकार दुबे जबलपुर रीवा इंटरसिटी से सिहोरा की यात्रा कर रहे थे ट्रेन जबलपुर स्टेशन से खुलते ही कटनी के पास पहुंची ही थी कि उत्तर प्रदेश बनारस बंधाई चुंगी निवासी 21 वर्षीय कौनू उर्फ कनुआ विश्वकर्मा उसका साथी दिनेश उर्फ कालिया कटनी आउटर के पास खड़े हुए थे ट्रेन जैसे ही धीमी रफ्तार से कटनी आउटर के पास पहुंची कि गेट पर खड़े होकर मोबाइल से बात कर रहे ओमकार दुबे के हाथ में कोनू ने डंडा मार दिया जिससे मोबाइल नीचे गिर गया और उसको उसका साथी दिनेश उठाकर मौके से दोनों फरार हो गए बाद में दूसरे दिन पीड़ति द्वारा जीआरपी थाने में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी पीड़ति पक्ष की रिपोर्ट पर जीआरपी ने ऐसे शातिर बदमाशों को पकड़ने के लिए अपना जाल फैलाया और कौनू को घटना के दूसरे दिन प्लेटफार्म नंबर 6 से दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर दूसरे साथी को भी पकड़ लिया गया।

**दो शातिर बदमाश जीआरपी के हत्थे चढ़े**

## जबलपुर में अनोखा मामला

### वैक्सीन रजिस्ट्रेशन कराया और बिना लगे आ गया फर्स्ट डोज का सर्टीफिकेट

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर स्वास्थ्य विभाग यूं तो अपनी कारगुजारियों के चलते हमेशा से ही सुखियों में होता है। अभी ताजा मामला वैक्सीनेशसन में हुए घोटाले का है। जहां एक व्यक्ति ने वैक्सीन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया, लेकिन जब वह सेंट्रल गया तो वहां वैक्सीन लगने की कोई जानकारी नहीं मिली, लिहाजा वह वापस घर लौट आए। लेकिन उसके बाद अचानक उनके मोबाइल पर कोवीशील्ड वैक्सीन की फर्स्ट डोज लगने का सर्टीफिकेट आ गया। जिसके बाद उक्त व्यक्ति घबरा गया और जिम्मेदारों से इसकी शिकायत की। लेकिन आश्चर्य की बात तो यह है कि जिम्मेदारों के मुंह पर ताले लटक गए। अब व्यक्ति को इस बात की चिंता है कि आखिर वैक्सीन का प्रथम डोज उसे लगेगा कैसे। जानकारी अनुसार बरगी में वेदांत पब्लिक स्कूल के संचालक जबलपुर निवासी रविकांत चौबे ने बरगी में अपने नाम के साथ-साथ देवेंद्र कुमार तिवारी,अभिलाषा व विनोद कुमार के नाम से
वैक्सीन लगवाने हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें उन्हें सेंटर निगरी ग्राम में मिला। जब ये निगरी पहुंचे तो वहां वैक्सीन लग ही नही रही थी। इसलिए ये वापस आ गए। आश्चर्य तो तब हुआ जब शाम को इनके मोबाइल पर कोविशील्ड वैक्सीन के प्रथम डोज के सफ लता पूर्वक लगने का मैसेज आया। जब इस संबंध में इन्होंने जानकारी लेने चाही तो कोई भी जिम्मेदार सामने नही आया। अब श्री चौबे को इस बात की चिंता सता रही है कि उनका वैक्सीन का पहला डोज कब और कैसे लगेगा। इतना ही नहीं यह प्रथम मामला नहीं है। ऐसे अनेक मामले सामने आए है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की।

#### इन्होंने कहा....

आपके द्वारा यह जानकारी मुझे मिली है यह लापरवाही के साथ तकनीकी गलती भी हो सकती है। मैं इसकी विस्तृत जानकारी लेकर इस समस्या का निदान करता हूँ।

**डॉ. राजेश राज**
**ब्लॉक मेडिकल अधिकारी बरगी**

## माढ़ोताल में युवक ने दारु के साथ पी लिया जहर

**जबलपुर, यशभारत।** थाना माढोताल के आकाश विहार कॉलोनी में एक युवक ने पारिवारिक परेशानियों से त्रस्त होकर, जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस घटना में आश्चर्यजनक यह है कि मृतक ने जहर का सेवन उस वक्त किया जब वह शराब के नशे में धुत्त था और इस दौरान उसने जहर का सेवन कर लिया। पुलिस पड़ताल में यह बात सामने आई है कि युवक पारिवारिक जिम्मेदारियां नहीं उठा पा रहा था और अत्यधिक तनाव में था। जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जानकारी अनुसार पुलिस को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि दिनांक 9-8-21 की सुबह लगभग 8-20 बजे जगदीश सेन उम्र 40 वर्ष निवासी आकाश विहार कॉलोनी माढोताल को जहरीली वस्तु का सेवन कर लेने के कारण पत्नि एवं परिजनों द्वारा लाया गया था। जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया हैं।

**परिवार को समझ लिया बोझ, नहीं उठा सका जिम्मेदारियाँ**

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा | बोल्ड चना | केला चिप्स | बोल्ड पीनट | मसाला चना | ड्राय मेल | चना जोर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान | नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर | प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन बायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)